# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 13 अप्रैल 2025
संवत 2082, चैत्र शुक्लपक्ष 15 - मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 218 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ मोल्ड टॉक्सिसिटी क्या है? जानें सेहत के लिए यह कैसे है खतरनाक

फिल्म इंडस्ट्री में कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को नहीं मिलते समान अवसर : ईशा मालवीय ◀◀ 6


# आईईडी ब्लास्ट में शहीद जवान को राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

## परिजनों से की मुलाकात





**संवाददाता**

**रांची:** सारंडा में हुए आईईडी ब्लास्ट में झारखंड जगुआर के शहीद जवान सुनील धान को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के टेंडर ग्राम स्थित झारखंड जगुआर के मुख्यालय परिसर में श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पीड़ित जवान के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहायता देने का वादा किया। वही श्रद्धांजलि के बाद मीडिया से बात करते हुए राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि जो भी हुआ है बहुत ही दुखद हुआ है। सरकार नक्सलियों के सफाई के लिए कदम भी उठा रही है। शहीद जवान के परिजनों की चिंता हमारे प्रदेश की सरकार पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएगी। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आप सभी को मालूम है कि नक्सली क्षेत्र में बहुत ही संघा कार्रवाई झारखंड में चल रही है और बड़ी सफलता के साथ और बड़ी मजबूती के साथ हमारे जवान आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि यह इतनी बड़ी समस्या पूरे देश के लिए है और इसको लेकर हम लोग आज लगभग इनको आखिरी चरण में धकेलने में कामयाब हुए हैं और इस दौरान हमारे कई जवान भी शहीद हुए। आज उनकी बदौलत एक सफल ऑपरेशन की ओर आगे बढ़ रहे।

मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा कि आज इस दुख के घड़ी में हम सब लोग शहीद जवान के परिवार के साथ खड़े हैं और आने वाले समय में भी उनके परिवार को बेहतर सुविधा चीज मिले इसके लिए सरकार काम करेंगी।

## छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में दो इनामी सहित 8 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**दंतेवाड़ा:** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में दो इनामी नक्सलियों सहित कुल आठ नक्सलियों ने शनिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। सभी नक्सलियों ने दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव रॉय के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले ये सभी माओवादी अलग-अलग क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों में सक्रिय और कई मामलों में पुलिस को इनकी लंबे समय से तलाश थी। एसपी रॉय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे पुनर्वास नीति और आत्मसमर्पण योजनाओं के चलते लगातार नक्सली हिंसा से तंग आकर युवा आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

# खाटूश्याम जा रहे परिवार की कार ट्रेलर से टकराई, पांच की मौके पर मौत



**जयपुर:** जिले के जमवारामगढ़ क्षेत्र में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर स्थित नेकावाला टोल प्लाजा के पास उस वक्त हुआ, जब लखनऊ से आए एक परिवार की कार सामने से आ रहे ट्रेलर से भिड़ गई।

घटना सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है। हादसे में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक साल का एक मासूम शामिल हैं। सभी मृतक एक ही परिवार से हैं और खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए निकले थे। ये लोग कार में सवार होकर दौसा की ओर से खाटू की तरफ जा रहे थे कि तभी सामने से आ रहे एक ट्रेलर से उनकी कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर भी सड़क से नीचे उतरकर पलट गया और कार के परखच्चे उड़ गए। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया, जिससे सभी लोग उसमें बुरी तरह फंस गए। हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई और दोनों वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

रायसर थाना प्रभारी रघुवीर सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों को कार से निकालने के लिए गैस कटर का इस्तेमाल करना पड़ा। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि हादसा ओवरटेक करने की कोशिश के दौरान हुआ। घटना के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने काफी देर बाद नियंत्रण में लिया। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

## अनियंत्रित होकर अलकनंदा नदी में गिरी थार, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत



**देहरादून:** उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जनपद के देवप्रयाग क्षेत्र में बिना नंबर का एक नया वाहन थार, अलकनंदा नदी में जा गिरा जिसमें एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ ने वाहन सवार एक महिला को रेस्क्यू कर निकाल लिया जबकि काफी मेहनत उपरांत अन्य पांच के शव निकाले जा सके। मृतकों में एक दंपत्ति और दो किशोर एक ही परिवार के हैं, जो फरीदाबाद (हरियाणा) निवासी हैं। जबकि एक मृत उनका रिश्तेदार है, जो रुड़की (उत्तराखंड) का निवासी है। पुलिस अधीक्षक (एसपी), टिहरी, आयुष अग्रवाल ने बताया कि आज पुलिच चौकी भल्लेगांव को स्थानीय व्यक्ति द्वारा बादशाह ढाबे से पीछे देवप्रयाग की तरफ नदी में एक वाहन गिरने की सूचना मिली। इस पर बिना समय गंवाए थानाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत सहयोगी एसडीआरएफ व राहत बचाव उपकरण के साथ दुर्घटना स्थल पहुंचे। जहां एक थार कार ए /एफ नम्बर लिखा, नदी में मिला। ये वाहन रुड़की से गोचर जा रहा था। आयुष अग्रवाल ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन में कुल छह लोग सवार थे।

## जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि पीढ़ियां याद रखेंगी : पीएम मोदी



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जलियांवाला बाग की शहादत याद दिलाई है। उन्होंने मासूम लोगों के बलिदान को स्वतंत्रता संग्राम का एक अहम मोड़ भी बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बैसाखी के दिन दो पोस्ट की। पहले में बैसाखी की शुभकामनाएं दीं तो दूसरे में भारतीय इतिहास के काले अध्याय को याद दिलाया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- हम जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं। आने वाली पीढ़ियां उनके अदम्य साहस को हमेशा याद रखेंगी। यह वास्तव में हमारे देश के इतिहास का एक काला अध्याय था। उनका बलिदान भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ बन गया। पीएम मोदी से पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी एक्स पोस्ट में उस नरसंहार को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का काला अध्याय बताया। उन्होंने इसे अंग्रेजी हुकूमत की अमानवीयता की पराकाष्ठा बताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी जलियांवाला बाग नरसंहार को याद करते हुए लिखा- जलियांवाला बाग के अमर बलिदानियों को हम सिर झुकाकर नमन करते हैं। कृतज्ञ राष्ट्र उन निःशस्त्र स्वाधीनता सेनानियों की देशभक्ति, उनके साहस, समर्पण, त्याग और निःस्वार्थ बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। आजादी की लड़ाई में उनकी शहादत का अमिट योगदान अविस्मरणीय रहेगा। ज्ञात हो, बैसाखी के दिन ही 1919 में अमृतसर स्थित जलियांवाला बाग में अंग्रेज अफसर ने क्रूरता की हद पार करते हुए निहत्थे और मासूम लोगों पर गोलियां चलाने का हुक्म दिया। चूंकि उस दिन बैसाखी थी, तो बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे मेले में शामिल होने आए थे।

### इंटरनेट सेवाएं बंद, 150 से ज्यादा लोग गिरफ्तार, हिंदुओं ने भागकर ली स्कूलों में शरण

# मुर्शिदाबाद हिंसा में वक्फ पर बवाल, तीन की मौत

- भीड़ ने पिता-पुत्र को पीट-पीटकर मार डाला
- कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश पर सेंट्रल फोर्स तैनात



**एजेंसी/ मुर्शिदाबाद:** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज इलाके में वक्फ कानून को लेकर फिर हुए विरोध प्रदर्शन ने अचानक हिंसक हिंसक मोड ले लिया। जिसमें तीन लोगों की जान चली गई। गौरतलब है कि शुक्रवार को भी मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई थी, इस हिंसा में अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालात को देखते हुए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े, जबकि कुछ इलाकों में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) की भी मदद ली गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार दोपहर शमशेरगंज के जाफराबाद इलाके में हालात उस वक्त और बिगड़ गए जब हिंसक भीड़ ने गांव पर अचानक धावा बोल दिया। इस हमले में एक ही परिवार के दो लोग- पिता और पुत्र की बेरहमी से हत्या कर दी गई।

इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बड़ी तादाद में लोग सडक पर उतर आए और वक्फ कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। शमशेरगंज से सटे धूलियन इलाके में प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे-12 को जाम कर दिया, पुलिस की गाड़ी पर पत्थर फेंके और कुछ वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान कम से कम 10 पुलिसकर्मी घायल हुए। शनिवार को हिंसा धुलियान तक फैल गई, जहां एक व्यक्ति को गोली लगने की खबर है। पुलिस ने हालात काबू में लाने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। वहीं हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। वहीं कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश पर केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल में 16 अर्धसैनिक बलों की कंपनियां तैनात कर दी हैं। विधानसभा में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी की याचिका पर कोर्ट ने आदेश जारी किया है। वक्फ कानून के विरोध में राज्य में 10 अप्रैल से हिंसा जारी है।

## वक्फ बिल पास होने के बाद पहली कार्रवाई, 30 सालों से चल रहे अवैध मदरसे पर गरजा बुलडोजर



**भोपाल:** वक्फ बिल पास होने के बाद मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में अवैध मदरसे पर बुलडोजर कार्रवाई की गई है। वक्फ बिल पारित होने के बाद यह इस तरह की पहली कार्रवाई है। जानकारी के अनुसार पन्ना जिले में एक अवैध मदरसा बना हुआ था। अवैध रूप से बने इस मदरसे की शिकायत एक मुस्लिम व्यक्ति ने की थी। शिकायत मिलने के बाद वीडी शर्मा ने भी शिकायत की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की शिकायत मिलने के बाद अधिकारियों ने अवैध मदरसे को लेकर संचालकों को नोटिस थमा दिया। नोटिस मिलने के बाद संचालकों ने खुद ही बुलडोजर बुलवाया और मदरसे पर चलवा दिया। इस मामले की जानकारी देते हुए प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि मदरसा संचालकों को नोटिस भेजा गया था। नोटिस के बाद मदरसे पर बुलडोजर कार्रवाई होनी थी। प्रशासन की तरफ से मदरसे पर कार्रवाई हो, इससे पहले ही संचालकों ने इसे तोड़ना शुरू कर दिया। मदरसा संचालकों ने खुद ही बुलडोजर बुलवा लिया और मदरसे को तोड़ना शुरू कर दिया।

पन्ना की बीडी कॉलोनी में पिछले 30 सालों से अवैध मदरसा संचालित हो रहा था। पिछले कुछ सालों में लगातार कई नोटिस दिए गए, लेकिन मदरसा संचालकों ने इसका पालन नहीं किया। बीते दिनों वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद सख्त ऐक्शन का नोटिस भेजा गया। इसके बाद मदरसा संचालकों ने खुद ही बुलडोजर बुलवाया और अवैध मदरसे को ध्वस्त करना शुरू कर दिया।

## रांची जिला प्रशासन ने उठाया बड़ा कदम

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगेगी लगाम आदेश का पालन नहीं करने पर भरना होगा जुर्माना

**संवाददाता**

**रांची:** प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस में बेलगाम बढ़ोतरी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्राइवेट स्कूलों के संचालकों में मुनाफा कमाने का लालच इस कदर बढ़ता जा रहा है कि वे सारी सीमाओं को तोड़ते जा रहे हैं। स्कूल से जबरदस्ती महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने का मामला हो या फिर तय की गई दुकानों से ही घटिया क्वालिटी की ड्रेस ज्यादा कीमत पर खरीदने का दबाव हो। वहीं, रांची जिला प्रशासन ने निजी स्कूलों में फीस वृद्धि और दाखिले की प्रक्रिया को लेकर बड़ा कदम उठाया है।

उल्लंघन करने पर भरना होगा जुर्माना: दरअसल, अब निजी स्कूल फीस को लेकर मनमानी नहीं करेंगे। अब कोई भी स्कूल अभिभावक-शिक्षक संघ और फीस कमिटी की मंजूरी के बिना फीस नहीं बढ़ा सकेगा। बिना पूर्व स्वीकृति के किसी तरह की शुल्क वृद्धि अवैध मानी जाएगी। अगर कोई स्कूल इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उस पर 50,000 से लेकर 2.5 लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जरूरत पड़ी तो स्कूल की मान्यता भी रद्द की जा सकती है।

बता दें कि प्राइवेट स्कूलों में नए सेशन के लिए स्टूडेंट्स के पेरेंट्स से बहुत ज्यादा फीस चार्ज किया जाता है। ऐसे में माता-पिता का बच्चों को पढ़ाने का खर्च बहुत तेजी से बढ़ गया है। स्कूलों के मनमाने व्यवहार के चलते फीस हर साल बढ़ती चली जा रही है और हर साल री एडमिशन लगता है।

### झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

## गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों पर आ रही समस्याओं पर की गयी चर्चा

**रांची:** झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन, रांची की बैठक एचएम पब्लिक स्कूल चुटिया में हुई। जिसमें गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों पर आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अरविन्द कुमार ने झारखण्ड सरकार को निजी स्कूलों पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जमीन सम्बन्धी बाध्यता को पूर्ण रूप से समाप्त कर विद्यालय के भवन संरचना को देखते हुए प्राइमरी या मध्य विद्यालय तक मान्यता दे कर समस्या का समाधान निकाला जाना चाहिए। विदित हो कि झारखण्ड में यू डायस मिले लगभग 6000 स्कूल संचालित हैं। जिसमें लगभग 8 लाख 40 हजार के लगभग छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन द्वारा पिछले विधानसभा सत्र के समय विधायक राजेश कच्छप, विधायक लुईस मरांडी और विधायक हेमलाल मुर्मू से अनुरोध किया कि इस संबेध में जल्द ही निर्णय लिया जाये।



विद्यालयों को रकबा में न बांध कर कमरे की उपलब्धता के आधार पर मान्यता देने के लिए सोचना चाहिए। अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा कि झारखण्ड ही नहीं बल्कि पूरे देश में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय चल रहे हैं और सरकार इन विद्यालयों से छात्र का , शिक्षकों का पूर्ण विवरण प्रति वर्ष लेती है । इन विद्यालयों में निम्न आय वर्ग के परिवार के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं, उनसे कम से कम फीस में अच्छी शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। वैसी स्थिति में झारखण्ड सरकार को जल्द से जल्द मान्यता देने पर सोचना चाहिए। जेपस्वा के महासचिव मोजाहिददुल इस्लाम ने कहा कि वार्षिक शुल्क और मासिक शुल्क की बढ़ोतरी के लिए अभी शिक्षा विभाग कह रही है कि सभी विद्यालयों को जल्द से जल्द अभिभावक शिक्षक के साथ कमिटी गठन करना है। जबकि सभी को पता है कि हम लोग कम से कम फीस लेते हैं वार्षिक शुल्क भी बहुत ही कम रहती है। बड़े बड़े स्कूलों वाली समस्या हम लोगो पर लागू न करे। हम निजी छोटे विद्यालय फीस बढ़ाते भी हैं तो वह 50 रु से भी कम बढ़ाते हैं।

जेपस्वा के कोषाध्यक्ष आलोक बिपिन टोप्पो ने कहा कि बहुत से विद्यालयों के पास यू डायस कोर्ड नहीं है, सरकार वैसे विद्यालयो को भी यू डायस कोर्ड उपलब्ध करा कर शिक्षा के मूल धारा में जोड़ना चाहिए। बैठक में राँची के विभिन्न प्रखंडों के विद्यालय संचालक और प्राचार्य गण सभी विषयों पर गहन चर्चा किये। यह निर्णय लिया गया कि अप्रैल या मई के प्रथम सप्ताह एक सम्मेलन कर प्रतिनिधि मंडल मंत्री गण और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से मिलेंगे । जिन विद्यालयों को यू डाइस कोर्ड नहीं मिला है उन लोगो को कोर्ड जल्द से जल्द दिलाया जाय। बैठक का संचालन जेपस्वा के कोषाध्यक्ष आलोक बिपिन टोप्पो ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संगठन सचिव रणधीर कुमार कौशिके ने किया।

बैठक में अरविंद कुमार, मोजाहिददुल इस्लाम, आलोक बिपिन टोप्पो, कैलाश कुमार, मुकेश कुमार सिंह, रणधीर कुमार, बाबूराम महतो, पुरुषोत्तम सिंह, विजय कुमार, धर्मशीला सिंह, मो अरबाज मुर्शिद, अभिमन्यु चौधरी, संजय कुमार, सच्चिदानन्द कुमार,सुभोजित अधिकारी, जीशान अख्तर, साबिर हुसैन, विकाश कुमार, सुभाष कुमार , अमीन अंसारी, मजीद व अन्य उपस्थित थे।

## वक्फ बिल का शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन



**मेट्रो रेज**

**रांची:** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी के तत्वावधान में आज रविवार को वक्फ बिल संशोधन के विरोध में शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया गया। सभी के हाथों में एक-एक पोस्टर थे। जिसमें वक्फ बिल रिजेक्ट, वक्फ बिल रद्द करो, काला कानून बंद करो, देश को बर्बाद करना बंद करे, देश में अमन, शांति, एकता ,भाईचारा बनाएं । इस तरह के सभी पोस्टर लिए हुए थे । इस अवसर पर सभी ने काला बिल्ला भी लगाए हुआ था। अमन शांति के साथ लोगों ने वक्फ बिल को रद्द करने की मांग की। इस अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा चर्च रोड कर्बला चौक दुकानदार समिति के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद मासूक, गुलाम सरवर रिजवी, मोहम्मद कौसर, शाहिद अनवर, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद शकील, मोहम्मद अशरफ हवारी, निसार बाबा, मोहम्मद जमालुद्दीन, एलिस कश्यप, मनोज राम, तनवीर आलम, मोहम्मद तौसीफ, मेराज खान व अन्य कई लोग उपस्थित थे।



## शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

**मुरी:** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बासारूली पंचायत के भेलवाटुंगरी चौक पर आज शहीद बिरसा मुंडा की नयी प्रतिमा का अनावरण उनके वंशजों कानू मुंडा और सुखरा मुंडा के कर कमलों से किया गया। ज्ञात हो कि जमीन दाता अरूण धान और मुखिया लालू राम उरांव के प्रयास से यह पवित्र कार्य सम्पन्न हो रहा है। साथ ही सभा का आयोजन किया गया। महिलाएं अपनी परम्परागत ड्रेस में पहुंची थी। एक बार एक बार फिर जन्म लेउ बिरसा , फिर से उलगुलान रे ,के गीत से गूंजता रहा सभा स्थल। आज के बाद से भेलवाटुगंरी चौक बिरसा चौक से जाना जाएगा। इस अपसर पर नागरिक सुरक्षा मंच के ज्योति प्रसाद साहू,शंकर महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने अपने पद स्थापना काल के तीन वर्ष पूरे किये

**विनय मिश्रा**

**खूंटी:** जिले के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने खूंटी जिला बनने के बाद 14वें पुलिस अधीक्षक के रूप में अपना पदभार 6 अप्रैल 2022 को ग्रहण किया था। श्री कुमार ने अपने प्रस्तावना काल के तीन वर्ष सफलतापूर्वक और उपलब्धि भरे कार्यों के साथ पूर्ण किया। भारतीय पुलिस सेवा 2014 बैच के लोकप्रिय कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईपीएस अधिकारी अमन कुमार जहां भी पदस्थापित रहे अपने बेहतर कार्यों से विभाग को बेहतर और उत्कृष्ट बनाने में सफल रहे हैं। श्री कुमार सर्वप्रथम अपने प्रशिक्षण के दौरान हुसैनाबाद में पद स्थापित रहे इसके बाद वह चक्रधरपुर अनुमंडल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सह सहायक पुलिस



अधीक्षक के रूप में पदस्थापित हुए। इसके बाद वे सीटी एसपी रांची बनाएं गये। सीटीएसपी रांची के रूप में भी उनके बेहतर उत्कृष्ट कार्य आज भी याद किए जाते हैं। श्री कुमार ग्रामीण एसपी धनबाद तथा साहिबगंज के लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक भी रहे । श्री कुमार को तत्पश्चात नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित जिला खूंटी का एसपी बनाया गया। जहां उन्होंने छह अप्रैल 2022 को अपना प्रभार ग्रहण किया और अपने 3 वर्षों के कार्यकाल में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों को बैक फुट पर भेजने में सफल रहे । यही नहीं नक्सलियों के घर पकड़ और उनके विरुद्ध सघन अभियान काफी कारगर रही। कई नक्सलियों ने आत्म समर्पण भी किया। वर्तमान समय में खूंटी जिला में नशा विरुद्ध सघन अभियान भी पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व देखरेख में काफी सफल रहा है । इसी का परिणाम है कि डीजीपी तथा आला पुलिस अधिकारियों ने भी पुलिस अधीक्षक के बेहतर एवं उत्कृष्ट कार्य को काफी सराहा ऐसे पुलिस अधिकारी से जिला के साथ-साथ राज्य भी गौरवान्वित होता है।

## महावीर मंडल मिलन समिति के तत्वावधान में जागरण व महाभंडारे का आयोजन



**रांची:** महावीर मंडल मिलन समिति सुखदेवनगर के तत्वावधान में श्रीराम नवमी पूजा के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से रात में माता जागरण एवं आज दिन में महा भंडारे का आयोजन किया गया। भोजपुर एवं बंगाल के कलाकारों द्वारा रात्रि में माता जागरण पेश किया गया और आज दिन में महाभंडारे आयोजन हुआ जिसमें सुखदेवनगर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुगण भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

इस महोत्सव में रांची के लोकप्रिय विधायक सीपी. सिंह,पूर्व पार्षद अशोक यादव,समाजसेवी दीपक ओझा,विजय साहू एवं छात्र क्लब हरे राम हरे कृष्ण मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा विशेष रूप से शामिल होकर इस महोत्सव का आनंद लिए।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जीतू साहू,पुरंदर सिंह,अभिषेक कुमार,कुंदन तिवारी,रणधीर कुमार,सुरेश साहू,पप्पू साहू,गोलू कुमार,रवि जायसवाल,आयुष कुमार,प्रमोद कुमार,कृष्णा साहू,विक्की कुमार,आदित्य राज,कमलेश शुक्ला,संदीप कुमार,भरत साहू, भोला साहू,इंदु कुमारी व अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा-

## ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित, इससे छेड़छाड़ संभव नहीं

**रामगढ़:** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) सुरक्षित" हैं और इनसे छेड़छाड़" करना संभव नहीं है। कुमार ने कहा कि भारत में इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम को इंटरनेट, ब्लूटूथ या इंफ्रारेड से नहीं जोड़ा जा सकता और इसके साथ छेड़छाड़ करना किसी भी तरह से संभव नहीं है। झारखंड के रामगढ़ जिले में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा, ह्यह्यईवीएम की कानूनी पड़ताल की जा चुकी है। भारत में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम को न तो इंटरनेट, ब्लूटूथ या इंफ्रारेड से जोड़ा जा सकता है। ईवीएम को किसी भी तरह से किसी चीज से नहीं जोड़ा जा सकता।



## हमारे प्रभु यीशु विनम्र राजा का आदर्श उदाहरण हैं जिन्होंने लोगों की सेवा की : बिशप थियोडोर



**रांची:** कंजिया पल्ली में पवित्र सप्ताह की शुरूआत को चिह्नित करते हुए खजूर रविवार का जीवंत उत्सव मनाया गया। डाल्टेनगंज धर्मप्रांत के बिशप श्रद्धेय बिशप थियोडोर मस्कारेनहास एस एफ एक्स ने पवित्र मास की अध्यक्षता की, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समारोह की शुरूआत सन्त एंथोनिस मिडिल स्कूल, कंजिया से मैरी हेल्प क्रिश्चियन चर्च कंजिया तक एक भव्य जुलूस के साथ हुई, जहां श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा के साथ खजूर के डाली लेकर और भजन गाते हुए शामिल हुए। अपने प्रवचन में श्रद्धेय बिशप थियोडोर मस्कारेनहास एस एफ एक्स ने खजूर रविवार के महत्व पर विचार किया, जिसमें ईसा मसीह को राजाओं के राजा के रूप में उजागर किया जो मानवता की सेवा करने आए थे। उन्होंने ईसा मसीह के महानतम सेवा-भावी स्वभाव का अनुकरण करने के महत्व पर जोर दिया और मण्डली को दूसरों की सेवा करने के लिए उनके उदाहरण का अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## सिमलिया बुढ़वा महादेव मंदिर में धूमधाम से मनी हनुमान जयंती

**मेट्रो रेज**

**रांची:** हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर रातू थाना अंतर्गत नयाटोली, सिमलिया, बुढ़वा महादेव मंदिर, सोकरा महादेव मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम के साथ हर्षोल्लास से मनायी गयी। इस दौरान मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। इस अवसर पर शिक्षक सह शिव मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष सेन दत्त के साथ अन्य भक्तों के हाथों पुरोहित आचार्य रविंद्र भारद्वाज द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। वंदना की शुरूवात सर्वप्रथम प्रभु श्री राम के स्तुति वंदना से हुई तथा हनुमान पाठ, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, आरती पूजन व भजन गायन कर संपन्न किया गया। इस दरम्यान श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। उक्त पूजा कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह मुख्य



रूप से शामिल रहे। उन्होंने हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर समस्त रामभक्तों व हनुमान भक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं । उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीर हनुमान आपके जीवन में खुशियां और सफलताएं लाएं। कहा कि इस पावन अवसर पर वीर हनुमान जी से प्रार्थना है कि हम सबको शक्ति, साहस और बुद्धिझ्र ज्ञान प्रदान करें। हनुमान जी की भक्ति और उनके गुण हमें अपने कार्य में हमेशा प्रेरित करते रहें। हम सब मिलकर सनातन धर्म की रक्षा व राष्ट्रवाद के पथ पर चलते हुए समाज व राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए सदा आगे बढ़ें व नए आयाम स्थापित करें। श्री सिंह ने कहा कि हिंदू धर्म ग्रंथो के अनुसार भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का प्रादुर्भाव आज से अन्ठावन हजार, एक सौ सोलह वर्ष पूर्व हुआ था। लोक मान्यताओं के अनुसार त्रेतायुग के अंतिम चरण चैत्र पूर्णिमा मंगलवार की सुबह में हुआ था। वह हम सब झारखंड वासियों का सौभाग्य है कि हनुमान जी का जन्म इसी प्रांत के गुमला जिले के अंजान नाम के छोटे से गांव के पहाड़ी गुफा में हुआ था। वे भगवान शिव जी के ग्यारहवें रूद्राअवतार हैं। राम भक्त हनुमान की आराधना से भक्तों के समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है। साथ हीं साधकों को हनुमान जी के संग भगवान राम और शिव की भी कृपा प्राप्त होती है। रामचरितमानस में वर्णन है कि भगवान राम जब सीता की खोज में जंगलों में भटक रहे थे, तभी उनके भक्त हनुमान से मिलन हुआ था। देखते हीं देखते भक्त हनुमान राम के हृदय में, और भगवान राम हनुमान के हृदय में बस गए थे। भगवान राम ने हनुमान जी को अपने छोटे भाइयों के सम्मान ही दर्जा प्रदान किया था। कहा हनुमान के भक्त हनुमान जी को कई नामों से पुकारते हैं जैसे: हनुमान, बजरंगबली, पवन पुत्र, केसरी नंदन, कपीश, शंकर सुमन आदि विविध नाम हैं। इनके हर नाम में गहरा अर्थ छुपा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई–टेण्डर निविदा सूचना
(दोहरी पैकेट ई–आरए के बिना)
उप मुख्य विद्युत अभियंता / परियोजना, उ. प. रेलवे, जयपुर द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई–निविदा का ऑन लाईन ई–टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। निविदाकार अपना मूल / परिवर्तित प्रस्ताव ई–निविदा बंद होने की तारीख व समय से पूर्व ऑन लाईन भर दें। क्रसं: 1; ई–टेण्डर नोटिस संख्या: एनडब्ल्यूआर/इल/प्रोज/2x25kV/जेपी/01; 2.कार्य का नाम व लोकेशन: उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के आरई–एडब्ल्यूआर–बीकेआई, बीकेआई–जेपी, जेपी–एफएल–एमडी और आरई–आरजीएस–एफएल खंडों में 160 किमी प्रति घंटे के लिए मौजूदा ओएचई के संशोधन के साथ 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम के उन्नयन के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। (कुल 581.43 आरकेएम/1210.82 टीकेएम); 3. अनुमानित लागत: रूपये 478,79,01,300.44; 4. धरोहर राशि: रुपये 1,00,00,000.00; 5.कार्य पूरा होने की अवधि: चौबीस (24) माह; 6. ई–टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय: 13.05.2025 को 15:00 बजे तक; वेबसाईट का विवरण: www.ireps.gov.in. नोट: कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नही किया जायेगा।
422-AN/25
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
Email Id –dcpsramgarh@gmail.com
–: आवश्यक सूचना :–
बाल कल्याण समिति, रामगढ़ के पत्रांक 129/बा0क0स0, रामगढ़ दिनांक 11.04.2025 के पत्र के आलोक में
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक गुमशुदा बालक, उम्र – 16 वर्ष (लगभग), पिता – अज्ञात, माता – अज्ञात, पता – अज्ञात, दिनांक 27.03.2025 को गण्डके बस्ती में बालक भटकता हुआ पाया गया, जिसे ग्रामीणों के द्वारा रामगढ़ थाना को सुपुर्द किया गया। जिसे चाइल्ड हेल्प लाइन, रामगढ़ द्वारा बाल कल्याण समिति, रामगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जो वर्तमान में बाल कल्याण समिति के आदेश से वात्सल्यधाम बालगृह, रामगढ़ में आश्रय प्राप्त कर रहा है। बालक की पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार से है :–
नाम – अज्ञात,
उम्र – 16 वर्ष लगभग
पिता – अज्ञात,
माता – अज्ञात,
पता – अज्ञात
रंग – सावला।
ऊँचाई – 5.2 फिट लगभग
लिंग – पुरूष
वजन – 40 कि0ग्रा0

उक्त बालक के जैविक नाता–पिता, अभिभावक, अगर इस बच्चे को पहचानते है या जानते है तो उचित प्रमाण पत्र के साथ निम्न पते पर सम्पर्क कर सकते है।
सम्पर्क करने हेतु पता –
1. बाल कल्याण समिति, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डू, रामगढ़, पिन – 825101 , दूरभाष संख्या – 9504331523 ।
2. जिला बाल संरक्षण इकाई,समाज कल्याण, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डू, रामगढ़, पिन – 825101 दूरभाष संख्या – 8340458591
ह०/–
सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग, रामगढ़।
PR 350265 (District) 25-26 (D)

कार्यालय, उपायुक्त –सह– दण्डाधिकारी, राँची
(जिला सामान्य शाखा)
प्रेस विज्ञप्ति
राँची जिला अन्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या – 01/2024 में स्क्रूटनी के पश्चात् योग्य पाये गये कुल 6564 आवेदकों का लिखित परीक्षा दिनांक 27.04.2025 को राँची के विभिन्न कुल 14 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। प्रवेश पत्र दिनांक 16.04.2025 को जिला के अधिकृत वेबसाईट www.ranchi.nic.in में अपलोड किया जायेगा। जहाँ से आवेदक प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
उप समाहर्त्ता, जिला सामान्य शाखा, राँची
उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी, राँची
PR 350277 Ranchi(25-26)#D



# पेट में पहुंचते ही कमाल दिखाएगी अजवाइन

**हमारी रसोई के अंदर कितने मसाले मौजूद हैं। जिन्हें खाने को टेस्टी बनाने के लिए डाला जाता है। मगर क्या आप ने सोचा है कि सही तरीके से अगर इन मसालों का उपयोग किया जाए तो ये दवा बन सकते हैं। आयुर्वेद में इन्हें जड़ी-बूटी की तरह बताया गया है।**

आयुर्वेदिक डॉक्टर ने बताया कि अजवाइन को यवानी कहा जाता है, जिससे 11 बीमारियों का नाश किया जा सकता है। लेकिन इसे इस्तेमाल करने का सही तरीका आपको जरूर मालूम होना चाहिए। आइए जानते हैं कि अजवाइन के पत्तों या बीजों को दवा कैसे बना सकते हैं?

## अजवाइन के बेहतरीन फायदे


- पाचन तंत्र तेज करता है
- भूख और स्वाद बढ़ाता है
- ब्लोटिंग और स्टमक क्रैम्प का इलाज
- पेट के कोलिक पेन से राहत
- पेट में पानी भरने पर असरदार
- पेट के कीड़े मारता है
- टॉक्सिन निकालता है
- खांसी में कारगर
- पीरियड्स के दर्द से राहत
- हाइपरटेंशन से राहत
- वात-कफ दोष में संतुलन लाता है

## अजवाइन का पहला उपयोग

- बंद नाक, साइनस, कोल्ड-फ्लू के लिए अजवाइन की भाप ले सकते हैं।
- अजवाइन की कुछ पत्तियां, 1 चम्मच अजवाइन के बीज का तेल उबलते पानी में डालें।
- फिर सिर पर तौलिया रखकर इसकी भाप लें।
- दिन में 2 से 3 बार स्टीम लें।
- इससे फेफड़े खुल जाते हैं और सूजन कम होती है।

## अजवाइन का दूसरा इस्तेमाल

- पेट की समस्या, ब्लोटिंग, भारीपन, कमजोर पाचन में इसका काढ़ा पीएं।
- 1 चम्मच अजवाइन के बीज लें।
- इसे 1 गिलास पानी में डालकर उबाल लें।
- फिर इस मिक्सचर को छानकर घूंट-घूंट करके पीएं।
- लेकिन इसे रोजाना ना करें और दिक्कत होने पर ही पीएं।



# मोल्ड टॉक्सिसिटी क्या है? जानें सेहत के लिए यह कैसे है खतरनाक

**घरों में नमी के कारण दीवार पर फंगस जमा हो जाते हैं, इसके कारण होने वाली समस्याओं को मोल्ड टॉक्सिसिटी कहते हैं।**

हाइजीन की कमी, बैक्टीरिया और फंगस की वजह से शरीर बीमारियों की चपेट में आ सकता है। घरों में सफाई न होने, नमी या सीलन बनी रहने के कारण भी आप फंगस के संपर्क में या सकते हैं। इसकी वजह से कई गंभीर समस्याओं का खतरा भी रहता है। अक्सर घर के किचन, बाथरूम, सिंक आदि के पास दीवार में नमी हो जाती है। इसकी वजह से दीवार पर सफेद या गहरे रंग के झाग जैसे फाहे जम जाते हैं। यह एक तरह का नुकसानदायक कवक और बैक्टीरिया होता है, जिसकी वजह से गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है। इसी को मोल्ड टॉक्सिसिटी कहते हैं।

## मोल्ड टॉक्सिसिटी के लक्षण

मोल्ड एक प्रकार का कवक होता है जो सतहों पर विकसित होता है, जैसे कि फसल, कागज, दीवार या जमीन। यह आमतौर पर गर्म और आर्द्र के कारण होता है और इसकी वजह से कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। मोल्ड के संपर्क में आने से कई तरह की एलर्जी और इन्फेक्शन का खतरा रहता है। इसकी वजह से नाक, कान और गले में गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। मोल्ड टॉक्सिसिटी के कुछ प्रमुख लक्षण इस तरह से हैं-

### सांस लेने में दिक्कत

यह एक सामान्य लक्षण है जो मोल्ड टॉक्सिसिटी होने पर दिखता है। व्यक्ति को आसानी से सांस लेने में कठिनाई हो सकती है और सांस लेने के दौरान गले में खराश या कफ भी हो सकता है।

### नाक से जुड़ी दिक्कतें

जलवायु और वायरल संक्रमण की तरह, मोल्ड टॉक्सिसिटी होने पर भी नायक से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसमें नाक में खुजली, जलन, और बंद नाक शामिल हो सकते हैं।

### स्किन से जुड़ी समस्याएं

मोल्ड टॉक्सिसिटी के कारण व्यक्ति को स्किन पर छाले, चकत्ते, खुजली, दानें आदि हो सकते हैं।

### पेट से जुड़ी समस्या

मोल्ड टॉक्सिसिटी के कारण पेट में दर्द, अपच और बदहजमी जैसी समस्याओं का खतरा भी रहता है।

## रिस्क फैक्टर

मोल्ड टॉक्सिसिटी के कारण मरीज को इन गंभीर खतरों का सामना करना पड़ सकता है-

### एलर्जिक रिएक्शन

बहुत से लोग मोल्ड टॉक्सिसिटी होने पर एलर्जिक रिएक्शन का सामना कर सकते हैं, जो नाक, गला, और आंतरिक सिस्टम में खराबी का कारण बनता है।

### अस्थमा

मोल्ड टॉक्सिसिटी वाले व्यक्तियों में अस्थमा का खतरा बढ़ सकता है, जिसमें सांस लेने में कठिनाई और सांस लेने की क्षमता में कमी होती है।

### फेफड़ों से जुड़ी समस्या

मोल्ड टॉक्सिसिटी अगर लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसकी वजह से फेफड़ों से जुड़ी गंभीर समस्याओं का खतरा रहता है।

### मानसिक समस्याएं

लंबे समय तक के मोल्ड एक्सपोजर के बाद, व्यक्ति में चिंता, डिप्रेशन, या अन्य मानसिक समस्याएं भी हो सकती हैं।



## मोल्ड टॉक्सिसिटी से बचाव

मोल्ड टॉक्सिसिटी से बचाव के लिए आपको इन चीजों का ध्यान रखना चाहिए-

- घर में साफ-सफाई रखें
- सीलन वाली जगहों का विशेष ध्यान दें
- नमी दूर करने के लिए धूप और हवा आने की व्यवस्था करें
- नियमित रूप से दीवारों और घर की सफाई करें

मोल्ड टॉक्सिसिटी से बचने के लिए हाइजीन का ध्यान रखना चाहिए। साफ-सफाई और नमी को दूर करने से आप मोल्ड टॉक्सिसिटी का शिकार होने से बच सकते हैं। मोल्ड टॉक्सिसिटी के लक्षणों को नजरअंदाज करने के बजाय डॉक्टर से संपर्क करें।





# क्या गर्मियों में काली मिर्च का पानी पी सकते हैं?

**अधिकतर भारतीय घरों में काली मिर्च का उपयोग मसाले के रूप में किया जाता है। काली मिर्च खाने को स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाती है। इसके अलावा, काली मिर्च का उपयोग लोग काढ़े के लिए भी करते हैं। आपको बता दें कि काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए अधिकतर लोग गर्मियों में काली मिर्च का अधिक मात्रा में सेवन करने से परहेज करते हैं। क्या गर्मियों में काली मिर्च का पानी पी सकते हैं?**


काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए आपको काली मिर्च का पानी पीने से बचना चाहिए। वैसे तो किसी भी मौसम में काली मिर्च का पानी नहीं पीना चाहिए। लेकिन गर्मियों में तो काली मिर्च के पानी से पूरी तरह परहेज करना चाहिए। गर्मियों में काली मिर्च का पानी पीने से शरीर में गर्मी बढ़ सकती है। यह कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है। यानी काली मिर्च का पानी सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक होता है। इसका सीधे तौर पर सेवन करने से बचना चाहिए।

## गर्मियों में काली मिर्च का सेवन कैसे करें?

गर्मियों में काली मिर्च का सेवन सीधे तौर पर या अधिक मात्रा में बिल्कुल नहीं करना चाहिए। आप काली मिर्च के पाउडर को किसी पेय पदार्थ के साथ ले सकते हैं। आपको बता दें कि आप काली मिर्च को खीरा, पुदीना, नींबू या सत्तू के पानी के साथ मिलाकर ले सकते हैं। इसके लिए आप काली मिर्च का पाउडर बनाएं। इसे पेय पदार्थ में मिक्स करें और पी लें। इस तरह से काली मिर्च का सेवन करने से शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। इससे शरीर को एनर्जी मिलेगी और गर्मी भी नहीं बढ़ेगी।

## गर्मियों में काली मिर्च खाने के नुकसान

- गर्मियों में काली मिर्च का सेवन करने से पेट में गर्मी बढ़ सकती है।
- काली मिर्च पेट में जलन या दर्द का कारण बन सकती है।
- इसके अलावा, अगर गर्मियों में काली मिर्च का सेवन किया जाए, तो इससे एसिडिटी या सीने में जलन भी हो सकती है।
- काली मिर्च का अधिक मात्रा में सेवन करने से त्वचा पर मुंहासे निकल सकते हैं।
- इससे त्वचा पर खुजली और रेडनेस की समस्या भी हो सकती है।
- आपको भी गर्मियों में काली मिर्च का सेवन सीधे तौर पर नहीं करना चाहिए। आप किसी पेय पदार्थ के साथ काली मिर्च का पाउडर ले सकते हैं।



**कोलेस्ट्रॉल एक तेजी से बढ़ती समस्या बनता जा रहा है। यह खून में जमा होने वाला एक चिपचिपा पदार्थ होता है, जिसका लेवल बढ़ने से खून की नसों में ब्लॉकेज आ सकती है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का नुकसान यह है कि यह ब्लड फ्लो को धीमा या रोक सकता है जिससे आपको हार्ट अटैक, स्ट्रोक, दिल के रोग या नसों के रोग होने का जोखिम बढ़ सकता है।**

# हार्ट अटैक, स्ट्रोक का जोखिम बढ़ाता है कोलेस्ट्रॉल

अगर बात करें कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के लक्षणों की तो कई बार इसके लक्षणों का पता नहीं चल पाता है और जब पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। वैसे हाई कोलेस्ट्रॉल के कुछ लक्षण हैं, जो आपको अपनी आंखों में नजर आ सकते हैं। अगर आपको आंखों से जुड़ी कुछ समस्या महसूस होती है, तो आपको उनकी जांच के साथ कोलेस्ट्रॉल का भी टेस्ट कराना चाहिए।

### जलन और बेचैनी होना

यदि आपके आंखों में अक्सर जलन, खुजली या बेचैनी महसूस होती है, तो यह हाई कोलेस्ट्रॉल का एक संकेत हो सकता है। हाई कोलेस्ट्रॉल से खून में धीरे-धीरे खराब फैट की मात्रा बढ़ती है, जिससे आंखों की सतह पर जलन या खुजली का अहसास हो सकता है।

### आंखों में सूखापन रहना

हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से आंखों की सतह आपको कई लक्षण महसूस हो सकते हैं, जैसे आंखों में सूखापन रहना या आंखों का कमजोर होना। यह समस्याएं आंखों की सूजन, खुजली, और पानी आने के कारण हो सकती हैं।

### आंखों के पास गांठ बनना

अगर आपकी आंखों के आस-पास किसी भी स्थान पर गांठें हैं, तो यह भी हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण हो सकते हैं। वास्तव में हाई कोलेस्टेरॉल से फैट से बनता है और फैट आपकी आंखों के आसपास गांठों के रूप में दिख सकता है। इनके अलावा अगर आपकी आंखों की पुतली में रंग का बदलाव या अंधापन महसूस होता है, तो यह कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का एक लक्षण है।

### कैसे कम करें कोलेस्ट्रॉल

इसके लिए आपको डाइट और एक्सरसाइज का खास ध्यान रखना चाहिए। कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए आप प्रोटीन डाइट की हेल्प ले सकते हैं। प्रोटीन से भरपूर चीजों के सेवन से आपको कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिल सकती है। चलिए जानते हैं अप किन-किन चीजों का सेवन करना चाहिए।

- प्रोटीन रिच फूड्स कम करेंगे बैड कोलेस्ट्रॉल
- दाल और बीन्स- मूंग दाल, तूर दाल, चना दाल, मसूर दाल
- मछली- सार्डिन मछली, मैकरेल फिश, सालमन फिश, ट्राउट फिश
- मांस- चिकन (स्किन निकालकर) और टर्की
- अंडे- अंडे का सिर्फ सफेद हिस्सा
- दही और पनीर- पनीर (लो फैट या स्किम पनीर) और ग्रीक योगर्ट (सुखा योगर्ट)
- ड्राई फ्रूट्स- काजू, बादाम
- सोया प्रोडक्ट्स- टोफू और सोया मिल्क
- अनाज और अनाजवाले उत्पाद- ओट्स, ब्राउन राइस, ब्राउन ब्रेडम किनुआ

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

अमृत भारत स्टेशन योजना

# स्टेशन के पुनर्विकास को लेकर तैयार मास्टर प्लान की समीक्षा

एजेंसी

**साहिबगंज:** पूर्व रेलवे कोलकाता के महाप्रबंधक मिलिंदके.देउस्कर ने मालदा रेलमंडल अंतर्गत करमटोला,साहिबगंज जं बरहरवा जं व बोनीडंगा लिंक केबिन का व्यापक निरीक्षण किया। इस अवसर पर मालदा रेलमंडल के मंडल रेल प्रबंधक सहित वरिष्ठ मंडल शाखा अधिकारी भी उनके साथ उपस्थित थे। उधर निरीक्षण की शुरूआत मालदा टाउन,करमटोला,साहिबगंज जं,बरहरवा जं.खंड में विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के साथ हुई। जिसके अंतर्गत पटरियों की फिटिंग,सिग्नलिंग प्रणाली एवं ओएचई फिटिंग की जांच की गई। ताकि मेल एक्सप्रेस ट्रेनों का उच्च गति पर सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया जा सके।उधर करमटोला स्टेशन पर महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं व संरक्षा से संबंधित आधारभूत संरचनाओं जैसे पैनल रूम एकीकृत विद्युत आपूर्ति प्रणाली और स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक को स्टेशन भवन में



आवश्यक परिवर्तन लाने, विकास कार्यों की प्रगति की नियमित निगरानी करने तथा संरक्षा मानकों को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। वही साहिबगंज जंक्शन पर महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन पुनर्विकास हेतु तैयार मास्टर प्लान की समीक्षा की तथा एंट्री व एग्जिट प्वाइंट्स पर प्रगति पर चल रहे सुधार कार्यों का अवलोकन किया।इसके अतिरिक्त,उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग केबिन, पैनल रूम,रनिंग रूम तथा क्रू लॉबी जैसी महत्वपूर्ण परिचालन सुविधाओं का निरीक्षण कर संरक्षा उपायों की विस्तार से समीक्षा की। वही रेलयात्रियों के समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने हेतु किए जा रहे आधारभूत संरचना सुधारों की गुणवत्ता एवं गति का भी उन्होंने मूल्यांकन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने नई ओएचई निरीक्षण कार का उद्घाटन किया तथा साहिबगंज स्थित डेमू शेड का निरीक्षण कर उसकी कार्यक्षमता एवं रखरखाव की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।जहां बाद में उन्होंने स्थानीय चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं उन्हें यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने मीडियाकर्मियों से भी संवाद किया। जहां मीडियाकर्मियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में श्री देउस्कर ने बताया कि पूर्व रेलवे परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने हेतु सतत प्रयासरत है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रेलवे के लिए संरक्षा सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। उधर बरहरवा जंक्शन पर महाप्रबंधक ने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समाधान का आश्वासन दिया।इसके बाद श्री देउस्कर बोनीडंगा लिंक केबिन पहुंचे और वहां आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए।उन्होंने ग्राउंड स्टाफ से भी बातचीत की एवं उन्हें संरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा संचालन अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी।उधर प्रत्येक स्थल पर उन्होंने कर्मचारियों को समयबद्ध ढंग से कार्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# शिव मंदिर से कलश चोरी , फैली सनसनी

मेट्रो रेज

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना अंतर्गत स्टेडियम स्थित वार्ड नंबर 12 इमली टोला स्थित शिव मंदिर से अज्ञात चोरों के द्वारा बीते रात मंदिर का ताला तोड़कर कलश की चोरी कर ली गई है।विदित हो कि कुछ दिन पहले भी बजरंगबली मंदिर में रखा दान पेटी तोड़कर रुपया की चोरी की वारदात का अंजाम दिया था। जिसका सुराग अब तक नहीं मिल सका आखिर हिंदू देवी देवता के मंदिर में चोरी का वारदात को अंजाम देने वाले चोरी कर खुलेआम पुलिस प्रशासन को चुनौती देते आ रहे हैं।जबकि जिला प्रशासन की ओर से किसी भी वारदात को रोकने के लिए पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी और टाइगर मोबाइल टीम को लगातार पेट्रोलिंग करने के बावजूद भी चोरी होना दुर्भाग्यपूर्ण है।वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह शिव मंदिर में साफ सफाई के लिए जैसे ही गए की देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ है।और शिव मंदिर में रखे कलश गायब है।मैं



तुरंत अपने मोहल्ले वासियों को इसकी सूचना दी जिससे हिंदू समाज में सनसनी सा फैल गया। जबकि इसकी सूचना जिरवाबाडी थाना को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपने बदल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई।आखिर क्यों जिला प्रशासन चोरों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित होते नजर आ रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक कानूनी प्रक्रिया जारी थी।

# चैत्र नवरात्र की हुई पूणार्हुति, भव्य हनुमान आरती का आयोजन

- 501 कन्या का पूजन कर कराया गया भोजन

मेट्रो रेज

**साहिबगंज:** श्री श्री108 चैती दुर्गा पूजा समिति भारतीय कला मंदिर की ओर से चैत्र पूर्णिमा के मौके पर शनिवार को 501 कन्या का पूजन कर भोजन कराया गया। इस दौरान कन्याओं को उपहार स्वरूप चाकलेट भी दिया गया।समिति के नवल किशोर ने बताया कि हर साल चैत्र नवरात्र के बाद चैत्र पूर्णिमा को नवरात्र की पूणार्हुति के लिए कुमारी कन्याओं को भोजन कराया जाता है। वहीं समिति ने हनुमान जयंती के मौके पर हनुमान मंदिर में



भव्य पूजन व आरती का आयोजन किया गया।पूजा समिति सहित आसपास के लोगों ने भव्य हनुमान आरती किया।मौके पर समिति के विजय सिंह, हेमंत तांती,नवल किशोर मंडल,मुन्ना तांती,गोपाल कृष्ण,कुणाल कुमार,ऋषि कुमार,रितिक कुमार,प्रेम कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# झामुमो कार्यकर्ताओ ने रेलवे महाप्रबंधक को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा:** कोलकाता पूर्व रेलवे महाप्रबंधक मैलेन्द्र देवशंकर व मालदह डीआरएम मनीष गुप्ता बरहरवा रेलवे स्टेशन पहुँचे।जहाँ रेलवे के स्थानीय पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया,इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता व समाजसेवी शक्तिनाथ अमन व झामुमो कार्यकर्ताओ ने पाँच सूत्री मांग पत्र रेलवे महाप्रबंधक को सौंपा,जिसमें स्थानीय जनसमस्याओं से अगवत कराते हुए मांग विभिन्न माँगे की गई है। बंद पूर्वी बरहरवा रेलवे फाटक से हो रही घोर परेशानियों से निजात दिलाने के लिए वैकल्पिक रास्ता तैयार करना, राजधानी राँची जाने-



आने के लिए एक मात्र ट्रैन है। फलतः यहाँ से और एक नई ट्रेन चलवाने की सख्त प्रयोजन है। हमारी इस मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए अग्रेत्तर कार्यवाई की कृपा की जाय,बरहरवा रेलवे स्टेशन परिसर में बाहर की ओर पुरुष व महिला शौचालय का निर्माण कराया जाए। बरहरवा रेलवे स्टेशन के समीपस्थ ग्रामवासियों के लिए पुल संख्या 273 के भीतर से रास्ता तैयार करना,बरहरवा हिल साइडिंग झाल दिघी के पास पैदल पुल तथा मजदूर सेडकार निर्माण करना।

# खैरवा पंचायत भवन में आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 182 मरीजों की हुई जांच

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा साहिबगंज संगठन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया शाखा साहिबगंज एवं स्वास्थ्य विभाग साहिबगंज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आदिम जनजाति आदिवासी समाज के मरीजों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन बोरियो प्रखंड के खैरवा पंचायत भवन में किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत एवं विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालीया , प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव अंचलाधिकारी पवन कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय कुमार ने किया। उन्होंने स्वागत उद्बोधन में



कहा कि जिले के दुर्गम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे जरूरतमंदों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि मरीजों की एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन एवं रक्त जांच की सुविधा सूर्या सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल, साहिबगंज में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य अतिथि गौतम कुमार भगत ने अपने संबोधन में आदिवासी समाज की स्वास्थ्य स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन को इन क्षेत्रों में नियमित जांच की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने पत्थर व्यवसाय से जुड़े लोगों से भी इस पुनीत कार्य में सहयोग की अपील की। श्री भगत ने रेड क्रॉस सोसाइटी और सर्जन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित इस शिविर के लिए सचिव डॉ. विजय कुमार एवं संयुक्त सचिव चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा को विशेष धन्यवाद दिया। स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ. विजय कुमार, डॉ. सालखु चंद्र हांसदा, डॉ. राजेश कुमार साह, डॉ. रोहित कुमार, डॉ. विवेक भारती, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. श्वेता सुमन एवं डॉ. अर्चना मिंज सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कुल 182 मरीजों की जांच की। शिविर में सहयोग करने वालों में विष्णु कुमार भगत, मनोहर कुमार, लवली कुमारी, रिशु कुमार, गुलाबी मुर्मू, विमल ओझा, विक्रम शर्मा, मिठू कुमार, विकास कुमार पंडित, शंभू लाल दत्त एवं मेरी किस्कु का विशेष योगदान रहा। दवा वितरण की जिम्मेदारी विजय प्रभात एवं मनोज कुमार ने निभाई। जबकि रजिस्ट्रेशन प्रदीप कुमार दत्ता द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का प्रबंधन हरेंद्र कुमार पासवान ने किया।

## आपदा मित्र योजना के तहत मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के लिए चयनित युवा भुवनेश्वर रवाना



मेट्रो रेज

**साहिबगंज:** सरकार के उप सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड के निदेर्शानुसार युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत चयनित आपदा मित्रों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करने हेतु प्रबंधन प्रशिक्षण कक्ष भुवनेश्वर, ओडिशा के लिए रवाना किया गया। इस प्रशिक्षण दल में साहेबगंज जिला के पूजा कुमारी, नितु कुमारी, कुणाल कुमार पासवान, गौरव दत्ता और सुब्रत रक्षित शामिल हैं, जो राज्य में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्रशिक्षण से पूर्व उपायुक्त हेमंत सती एवं अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत ने सभी प्रतिभागियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने के बाद एक कुशल मास्टर ट्रेनर के रूप में समुदाय को जागरूक एवं प्रशिक्षित करने का संदेश दिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को आपदा की स्थिति में तत्परता से कार्य करने हेतु सक्षम बनाना है, ताकि वे समाज में जागरूकता फैला सकें और संकट की घड़ी में प्रभावी सहायता प्रदान कर सकें। यह पहल राज्य में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पोषण पखवाड़ा के तहत कार्यक्रमों का आयोजन




मेट्रो रेज

**दुमका :** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-02, दुमका अंतर्गत प्रखंड जामा ग्राम पंचायत टेंगधोवा के मुखिया उर्मिला टुडू की अध्यक्षता में शनिवार को 08 से 23 अप्रैल 2025 तक चलने वाली पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें जिला समन्वयक ब्रजेश कुमार एवं सिनी टाटा ट्रस्ट संस्था के प्रतिनिधि कपिल कुमार के द्वारा पोषण,स्वच्छता, शुद्ध पेयजल एवं जल संरक्षण पर विशेष रूप से चर्चा की गई। सभी जल सहिया, आंगनबाडी सेविका,सहायिका और ग्रामीणों ने मिलकर बच्चो को सही एवं सम्पूर्ण पोषण मिल सके इसे लेकर घर के सभी पोषण रहित खाद्य पदार्थ का रंगोली बनाकर प्रस्तुत किया एवं उपस्थित सभी लोगो को सामुहिक शपथ भी दिलाया। जिसमें पंचायत के सभी जल सहिया, ग्रामीण एवं आंगनबाड़ी की सेविका सहायिका उपस्थित रहे।

# दिवाकर यादव का असमय जाना जन संगठन के लिए अपूरणीय क्षति : बाबूलाल मरांडी

मेट्रो रेज

**दुमका:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को जिले के जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बलाथर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने हाल ही में दिवंगत हुए भाजपा मंडल महामंत्री दिवाकर यादव के परिजनों से भेंट कर अपनी शोक-संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर श्री मरांडी के साथ भाजपा झारखंड के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद एवं दुमका जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद मौजूद रहे। श्री मरांडी ने दिवंगत दिवाकर यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे पार्टी के एक समर्पित, संघर्षशील और जमीनी कार्यकर्ता थे, जिनका



असमय जाना संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है। कुछ दिन पूर्व मधुमक्खियों के डंक से घायल हुए दिवाकर यादव जी को समुचित इलाज नहीं मिल पाने के कारण दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उनका दुखद निधन हो गया। इस घटना ने जिले की चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। श्री मरांडी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं इस हद तक जर्जर हो चुकी हैं कि एक सामान्य उपचार के अभाव में एक कार्यकर्ता की जान चली जाती है। उन्होंने झारखंड सरकार से मांग कि दिवंगत नेता के परिजनों को यथोचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। भाजपा संगठन इस दुख की घड़ी में दिवाकर यादव जी के परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पति- पत्नी को पीट-पीटकर किया घायल

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत नया टोला भवानीचौकी निवासी शेख इरशाद और उसकी पत्नी बीबी तमिना को चार से पांच लोगों ने चाकू व लाठी डंडा से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही किसी तरह जान बचाकर घायल अपनी शिकायत हेतु जिरवाबाड़ी थाना पहुंचे। जहां से जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही ड्यूटी पर रहे चिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया। वही घायल बीबी तमिना ने बताया कि बच्चे के खेल –खेल में किसी बात को ले कर झगड़ा हो रहा था।वही जब हम कुछ बोलने गए की अचानक सितारा आई और हमलोगों के साथ मारपीट करने लगी।वही फिर पीछे से बाजू व शमशाद आया और मेरे पति को जान मारने की नीयत से चाकू से वार कर दिया। मेरे पति ने बचना चाहा चाकू हाथ में लग गया। वही वसीम ,हकीम,चंदा पति शमशाद ने लाठी डंडा से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही घायल बीबी तमिना ने बताया। की बाजू व शमशाद ने मेरे गले से चांदी का चेन एवं मेरे पति शेख इरशाद के पॉकेट से सात हजार रुपए भी छीन लिया। वही जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक दुर्घटनाग्रस्त, एक गंभीर

**साहिबगंज:** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के मंडल कारा मुख्य रोड के समीप बाइक दुर्घटना में कोदरजन्ना निवासी संजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल संजय को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। घायल संजय ने बताया कि कोट रोड़ के रास्ते जिरवाबाडी थाना के तरफ जा रहा था । तभी मेरा बाइक का संतुलन बिगड़ गया और आगे जा रही बाइक से टकरा गया। जिससे मैं दुर्घटना ग्रसित हो गया पूरे चेहरे पर गंभीर चोट लगी ।स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**साहिबगंज:** बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचकटिया के समीप बाइक से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वही स्थानियों लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट के गया ।जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ।जहां ड्यूटी पर रहे डॉ ऋतु राज के देख रेख में इलाज किया जा रहा है। वही घायल की पहचान बोरियो थाना क्षेत्र के दुखो किस्कू के 25 वर्षीय पुत्र गवेलियर किस्कू के रूप में हुआ है। वही घायल के परिजनों ने बताया कि गवेलियर भोगनाडीह से मेला देख घर लौट रहा था अचानक संतुलन बिगड़ने से पंचकटिया के समीप गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल के सिर पर गंभीर चोट है।

### बकरी चराने के दौरान युवक घायल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा पंचगढ़ के समीप बकरी को बचाने में युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही परिजनों ने आनन –फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया ।जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर ऋतु राज के देख रेख में इलाज किया जा रहा है ।वही घायल सुभाष टुडू उम्र 45 वर्ष पिता स्वर्गीय लालू टुडू वृंदावन मिर्जाचौकी थाना मिर्जाचौकी के निवासी है। वही घायल जमालपुर बिहार में सरकारी स्कूल के शिक्षक भी हैं। घायल सुभाष ने बताया कि मैं अपने घर बड़ा पंचगढ़ थाना जिरवाबाड़ी से बाइक लेकर स्टेशन जा रहा था। तभी रस्ते में बकरी को बचाने में गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल सुभाष टुडू के सर में गंभीर चोट लगी है।

### कीटनाशक दवा खाने से युवक हुआ बेहोश

साहिबगंज : तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मीना बाजार महाराजपुर निवासी सुदर्शन महतो का 19 वर्षीय पुत्र युवराज कुमार महतो की चूहा मारने की दवा खाने से तबीयत खराब हो गई । जसके कारण वह बेहोश हो गया। वही परिजनों ने आनन –फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया ।जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर ऋतु राज के देख रेख में इलाज किया जा रहा है। युवराज के पिता सुदर्शन महतो ने बताया कि काम काज करने के लिए बोले थे। वही गुस्से में आ कर कीटनाशक दवा खा लिया। जिससे मूर्छित हो गया।

### बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी कार्यक्रम कल

**साहिबगंज:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार कल 14 अप्रैल को 11 बजे संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर साहिबगंज जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एक संगोष्ठी कार्यक्रम जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया जायेगा .जिसकी जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने दी .उन्होंने साहिबगंज जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी , प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी,एआईसीसी के सदस्य,प्रदेश डेलिगेट सभी मंच के मोर्चा अध्यक्ष,प्रखंड नगर कांग्रेस अध्यक्ष,मंडल कांग्रेस अध्यक्ष को बैठक में उपस्थिति रहने को कहा है।

### चैती पूर्णिमा पर बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना को उमड़ी भीड़



**बासुकीनाथ:** चैत्र पूर्णिमा शनिवार के दिन विश्व प्रसिद्ध बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर हजारों श्रद्धालुओं सैलाब उमड़ पड़ा । पूर्णिमा को लेकर मंदिर प्रबंधन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाबा बासुकीनाथ मंदिर का पट प्रातः चार बजे खुला । गर्भगृह की साफ सफाई के बाद मंदिर का फाटक श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया ।बाबा मंदिर सहित सभी मंदिरों के खुलने के बाद मंदिर परिसर के बाहर मंदिर खुलने का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं ने कतार में बाबा मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर बाबा बासुकीनाथ का स्पर्श पूजा कर अपने परिजनों के सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा । पांच बजे सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रतिदिन संपन्न होने वाला सरकारी पूजा मंदिर के पुजारी द्वारा संपन्न हुआ। उसके बाद पुनः बाबा मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया । दिनभर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चैती पूर्णिमा के दिन बाबा बासुकीनाथ मंदिर में संध्या तक लगभग पचपन हजार श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना किया । प्रत्येक पूर्णिमा को नियमित रुप से बाबा बासुकीनाथ नियमित रुप से आने वाले श्रद्धालुओं ने पवित्र शिवगंगा सरोवर में प्रातः आस्था की डुबकी लगाई और बाबा मंदिर तक दंड दिया।

### बासुकीनाथ मंदिर के पंडा धर्मरक्षिणी सभा के वयोवृद्ध सदस्य का निधन



**बासुकीनाथ :** बासुकीनाथ पंडा धर्मरक्षिणी सभा के वयोवृद्ध सदस्य मणिकांत झा उर्फ मन्नो बाबा का शनिवार सुबह को देवघर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान देहांत हो गया । मनो बाबा लंबे समय से बीमार चल रहे थे । उनके देहांत की खबर से धर्मरक्षिणी सभा बासुकीनाथ के सभी सदस्यों एवं पंडा पुरोहित समाज में शोक की लहर है । पंडित मणिकांत झा अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़ गए हैं । उनके दिवंगत होने से बासुकीनाथ मंदिर के पंडा पुरोहितों को अपूरणीय क्षति हुई है ।



# क्या बिपाशा फिल्म 'रेस 4 का हिस्सा बनेंगी? सोशल मीडिया पोस्ट से मिला हिंट

बिपाशा बसु फिल्म 'रेस( 2008 )' में सैफ अली खान के अपोजिट नजर आईं। हाल ही में 'रेस 4' को लेकर काफी चर्चा रही। इसी बीच बिपाशा ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट की। इस पोस्ट के जरिए आखिर बिपाशा क्या बताना चाहती हैं? क्या वह भी फिल्म 'रेस 4' का हिस्सा हैं?

### 'रेस सांसों की' गाने को शेयर किया

बिपाशा बसु ने हाल ही में इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में फिल्म 'रेस' का गाना 'रेस सांसों कीज' को साझा किया। इस गाने में वह डांस कर रही हैं, साथ ही कैटरीना कैफ भी इसमें नजर आ रही हैं। इस गाने को बिपाशा एक बार फिर से क्यों याद कर रही हैं? इसको लेकर बिपाशा ने कोई भी कैप्शन या मैसेज नहीं लिखा है। ऐसा लगता है कि वह फिल्म 'रेस 4' के मेकर्स को हिंट देना चाहती हैं। क्या एक्ट्रेस दोबारा से इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती हैं?

# हरिहरन ने सिंगर बनने के लिए किया प्रोत्साहित, शाहरुख खान से मिला जिंदगी के लिए बड़ा सबक



शिल्पा राव अब तक बॉलीवुड के नामी कलाकारों की फिल्मों में गाने गा चुकी हैं, कई अभिनेत्रियों की आवाज बन चुकी हैं। आज सिंगर शिल्पा राव का जन्मदिन ( 11 अप्रैल 1984 ) है। इस मौके पर सिंगर की करियर जर्नी पर एक नजर।

शिल्पा राव का जन्म जमशेदपुर में हुआ, तेलुगू भाषी परिवार में जन्मी शिल्पा को बचपन से ही संगीत की शिक्षा मिली। पिता एस वेंकेट राव ने ही शुरुआती दौर में संगीत सिखाया। शिल्पा का जन्म का नाम अपेक्षा राव था, जिसे उन्होंने बदल दिया। शिल्पा नाम उन्हें पसंद आया क्योंकि यह कला से जुड़ाव महसूस करवाता था। जानिए, कैसे जमशेदपुर से निकलकर शिल्पा राव ने बॉलीवुड में बतौर सिंगर एक अलग जगह हासिल की।

**शौक बन गया करियर**

पिता से संगीत की शिक्षा लेने के बाद शिल्पा राव को गायक हरिहरन से म्यूजिक की ट्रेनिंग मिली। फिल्मफेयर को दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा राव ने कहा, 'जब मैं हरिहरन जी से संगीत सीख रही थी तो उन्होंने ही सिंगर बनने के लिए मेरे अंदर रुचि पैदा की। इसके बाद मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।' शिल्पा को संगीत के क्षेत्र में कई लोगों से प्रेरणा मिलती है, जिसमें मेहंदी हसन, पंडित निखिल बनर्जी, उस्ताद सुल्तान खान, बेगम अख्तर और फरीदा खानुम जैसी संगीत की शख्सियत शामिल हैं। इन लोगों ने शिल्पा की गायिका को बहुत प्रभावित किया है।

# जब राजकुमार ने निभाया 324 साल बूढ़े व्यक्ति का किरदार



बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आगामी फिल्म भूल चूक माफ का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है। इसके ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अभिनेता ने फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ बनाई अपनी पहली फिल्म को याद किया। साथ ही बताया कि ऐसा जोड़ियां स्वर्ग में बनती हैं। आइए जानते हैं आखिर दिनेश विजन के साथ कौन सी है उनकी पहली फिल्म।

हाल ही में राजकुमार राव की कॉमेडी फिल्म भूल चूक माफ का ट्रेलर लॉन्च किया गया। बहुत जल्द अभिनेता फिल्म में नजर आएंगे। इसी मौके पर राजकुमार राव ने दिनेश विजन और मैडॉक फिल्म्स के साथ अपना पहला अनुभव साझा किया। बातचीत में बताया कि उनके उस रोल के बारे में लोगों ने कहा कि ये तो कोई भी कर सकता है। इसके अलावा उन्होंने दिनेश के साथ अपने अटूट रिश्ते के बारे में भी बात किया।

### किस फिल्म का किया जिक्र?

फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान राजकुमार राव ने फिल्म निर्माता दिनेश विजन और मैडॉक फिल्म्स के साथ अपने पहले अनुभवों को साझा किया। अभिनेता ने कहा, कुछ जोड़िया स्वर्ग में बनती हैं। उनमें से दीनू और मैं एक हैं। हमारा रिश्ता तब शुरू हुआ, जब मैंने साल 2017 में राब्ता फिल्म में एक छोटा सा पार्ट किया था, जिसे दीनू ने निर्देशित किया था। इसके आगे उन्होंने कहा कि उस किरदार के बारे में लोगों ने कहा कि यह तो कोई भी कर सकता था, क्योंकि उस भूमिका में उन्हें कोई पहचान नहीं सकता था।

### इस रोल ने सबको डरा दिया था

राब्ता फिल्म में राजकुमार राव ने 324 साल के एक बूढ़े इंसान का किरदार निभाया था। उन्हें प्रोस्थेटिक मेकअप के जरिए तैयार किया गया था, जिसमें अभिनेता को कोई पहचान नहीं सकता था। इसी फिल्म के बारे में राजकुमार राव कहते हैं कि दिनेश एकमात्र निर्माता हैं, जिनकी वो सारी छोटी और बड़ी फिल्में जानते हैं और उसे ईमानदारी से पसंद भी करते हैं।

# मानुषी छिल्लर से सीखिए कैसे चुनें ऐसे आउटफिट्स जो हर नज़र को भा जाएं



अंतरराष्ट्रीय ब्यूटी पेजेंट्स से लेकर बॉलीवुड तक का सफर तय करते हुए, मानुषी छिल्लर ने बार-बार साबित किया है कि उनका फैशन सेंस भी उनकी उपलब्धियों जितना ही प्रभावशाली है। पूर्व मिस वर्ल्ड अब एक ऐसी फैशन फोर्स बन चुकी हैं, जिन्हें नज़रअंदाज़ करना मुश्किल है। पारंपरिक भारतीय परिधानों से लेकर आधुनिक इंटरनेशनल ट्रेंड्स तक, मानुषी हर लुक में एक खास एलिगेंस और स्टाइल लेकर आती हैं। उनके आउटफिट्स में संतुलन है—नवाचार, सुरुचिपूर्ण डिज़ाइन और एक व्यक्तिगत टच जो हर फैशनप्रेमी को लुभाता है। मानुषी का सोशल मीडिया इस बात का प्रमाण है कि मिस वर्ल्ड के पास हर छोटी-बड़ी बात को बारीकी से समझने की क्षमता है, जब बात ऐसे आउटफिट चुनने की आती है जो उनके व्यक्तित्व को निखारें और उन्हें निखारें। मानुषी छिल्लर की पसंद यहां दी गई है, कुछ ऐसे आउटफिट्स, जिन्हें देखकर हमारी तो आँखें ही ठहर गईं—और जिन्हें हम बिना झिझक अपना बना लें। मानुषी और उनके पावर सूट भले ही सोशल मीडिया पर छाए हों, लेकिन उनका ब्राइट येलो केप क्रेप ब्लेज़र और पैंट सूट तो बाकी सब पर भारी है!

मानुषी ने टाफेटा से बनी सफ़ेद रंग की लंबी ड्रेस पहनी थी, जिस पर खूबसूरत काले ऑर्गेना फूल लगे थे, और हमें ऐसा ब्रंच-परफेक्ट ड्रेस से इतना प्यार पहले नहीं हुआ, जो वाकई बहुत लंबे समय से इस ड्रेस से ज़्यादा खूबसूरत नहीं देखा! मानुषी की साड़ी गेम भी जबरदस्त है, और ??मनीष मल्होत्रा की इस आइवरी साड़ी, जिसे उन्होंने नाजुक चेन क्रिस्टल एम्बेलिशमेंट वाली मैचिंग स्वीटहार्ट नेकलाइन ब्रालेट ब्लाउज़ के साथ सजाया है, इसका सबूत है! बॉलीवुड में मानुषी द्वारा चुने गए कॉकटेल गाउन शायद सबसे बेहतरीन हैं। और जब उन्होंने राहुल मिश्रा का स्ट्रैपलेस, फिगर-हगिंग नंबर चुना, जिसमें एक ड्रीमी फ्लोइंग नेट ट्रेन थी, तो उन्होंने अपने फैशनिस्टा टाइटल को फिर से परिभाषित किया! गौरी और नैनिका के इस ड्रॉप-वेस्ट प्रिंटेड गाउन के साथ पॉपी-प्रिंटेड वॉल्यूमिनस स्कर्ट ने मानुषी को ऐसा दिखाया जैसे वह अपनी ही खूबसूरती में डूबी हुई हों। मानुषी ने अपने आउटफिट को कम से कम एक्सेसरीज रखकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। जैसे-जैसे मानुषी छिल्लर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपना जगह बनाती जा रही हैं, वैसे - वैसे उनके फैशन ग्राफ नई ऊँचाइयों को छू रहा है जो सार्वजनिक पहचान बनाने में व्यक्तिगत शैली की शक्ति को समझती है। प्रत्येक सावधानी से तैयार किए गए लुक के साथ, वह न केवल एक ब्यूटी क्वीन या अभिनेत्री के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करती है, बल्कि एक वास्तविक स्टाइल आइकन के रूप में भी अपनी स्थिति को मजबूत करती है, जिसकी फैशन संवेदनशीलता आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करेगी। सेलिब्रिटी फैशन की लगातार विकसित होती दुनिया में, मानुषी छिल्लर ने साबित कर दिया है कि वह न केवल आगे बढ़ रही हैं - बल्कि उन्हें सेट भी कर रही हैं।

# फिल्म इंडस्ट्री में कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को नहीं मिलते समान अवसरः ईशा मालवीय



टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत के बाद से उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी इस बात से हुई है कि कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। साल 2021 में रिलीज हुए टेलीविजन शो उड़ारियां से एक्टिंग की शुरुआत करने वालीं ईशा ने कहा, एक चीज जो मुझे हमेशा हैरान करती है और अब भी करती है, वह यह है कि कितने प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। मैं यह नहीं कह रही कि भाई-भतीजावाद पूरी तरह से गलत है, लेकिन मुझे लगता है कि बाहरी लोगों को कम से कम अपनी काबिलियत साबित करने के लिए एक निष्पक्ष मौका तो मिलना चाहिए। अभिनेत्री ने जोर देकर कहा कि इंडस्ट्री को असली प्रतिभा पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, उन्हें स्टार किड्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने दें और दर्शकों को फैसला करने दें कि कौन वास्तव में चमकने का हकदार है। इंडस्ट्री को किसी की पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना असली प्रतिभा पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और बॉलीवुड का भविष्य योग्यता से तय होना चाहिए। उड़ारियां में जैस्मिन का किरदार निभाने के बाद ईशा ने साल 2023 में विवादित रियलिटी शो बिग बॉस के 17वें संस्करण में हिस्सा लिया था।

# आईपीएल 2025: हैदराबाद ने पंजाब को 8 विकेट से हराया, अभिषेक शर्मा ने लगाया शानदार शतक

एजेंसी

**हैदराबाद :** इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) 2025 के 27वें मुकाबले में अभिषेक शर्मा के रिकॉर्ड शतक की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हरा दिया है। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मैच में पंजाब ने 246 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे हैदराबाद ने 18.3 ओवर में हासिल कर लिया। शानदार शतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

246 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराईजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा के साथ ट्रेविस हेड ने शानदार शुरूआत की और पहले विकेट के लिए 12.2 ओवर में 171 रन की साझेदारी की। हेड 37 गेंद में 66 रन बनाकर आउट हुए। वहीं अभिषेक ने 55 गेंद में 10 छक्के और 14 चौके लगाते हुए 141 रन की पारी खेली। इस दौरान अभिषेक ने महज 19 गेंद में अर्धशतक और 40 गेंद में शतक लगाया। क्लासेन 21 और किशन 9 पर नाबाद रहे। इस तरह एसआरएच ने 18.3 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 247 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। पंजाब के लिए यजुवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने निर्धारित 20 ओवर में 245 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।



पंजाब के बल्लेबाजों ने भी तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए चार ओवरों में 66 रन जोड़े। तीन ओवरों में ही इस जोड़ी ने टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचा दिया था। आर्या ने 13 गेंदों पर दो चौके और चार छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। उनके बाद आए कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी आक्रामक रुख अख्तियार किया। इस बीच प्रभसिमरन सिंह भी आउट हो गए। प्रभसिमरन सिंह ने 23 गेंदों पर सात चौके और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाए। अय्यर का साथ देने नेहल वढेरा आए। हालांकि, वह ज्यादा आगे नहीं जा सके और 22 गेंदों पर 27 रन बनाकर आउट हो गए। शशांक सिंह दो और ग्लेन मैक्सवेल तीन रन बनाकर पवेलियन लौट लिए। अय्यर अकेले लड़ रहे थे। इस बीच मार्कस स्टोनिस ने भी अपने बल्ला का दम दिखाया। अय्यर 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर आउट हो गए। अय्यर ने 36 गेंदों पर छह चौके और छह छक्कों की मदद से 82 रन बनाए। स्टोइनिस ने 11 गेंदों पर एक चौका और चार छक्कों की मदद से नाबाद 34 रन बनाए। हैदराबाद के लिए हर्षल पटेल ने चार और ईशान मलिंगा ने दो विकेट लिए।

## सुनील नरेन टीम के लिए एक्स-फैक्टर : क्विंटन डिकॉक

**चेन्नई :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मिली शानदार 8 विकेट की जीत के बाद अपने ओपनिंग पार्टनर सुनील नरेन की जमकर तारीफ की। शुक्रवार रात खेले गए इस मुकाबले में केकेआर ने सीएसके को उसके घरेलू मैदान पर सिर्फ 104 रनों पर रोक दिया और लक्ष्य को सिर्फ 10.1 ओवर में हासिल कर लिया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में डिकॉक ने कहा, श्मुझे लगता है कि सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की सबसे बड़ी ताकत उनकी विविधता है। दोनों मिस्ट्री स्पिनर हैं और हमेशा गेंदों को मिक्स करते रहते हैं। ऐसे गेंदबाजों के खिलाफ शॉट लगाना आसान नहीं होता, क्योंकि आप अंदाजा नहीं लगा सकते कि अगली गेंद कैसी होगी। डिकॉक ने अपने ओपनिंग पार्टनर नरेन की बल्लेबाजी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, श्जब सुनील बैटिंग करते हैं, तो वो एक्स-फैक्टर लेकर आते हैं। हर गेंदबाज जानता है कि वो शुरूआत से ही आक्रामक खेलेंगे। डिकॉक ने अपने और नरेन की ओपनिंग साझेदारी के तरीके पर भी बात की। उन्होंने कहा, श्जैसे ही वो शुरूआत करते हैं, वो पहली ही गेंद से बड़े शॉट लगाने लगते हैं। मैं बस एक-दो गेंद खेलकर उन्हें स्ट्राइक देता हूं और जानकारी देता रहता हूं कि पिच कैसी है। इससे उन्हें अपने तरीके से खेलने में मदद मिलती है। डिकॉक ने नरेन की मेहनत को भी टीम के लिए बड़ी वजह बताया। उन्होंने कहा, श्सुनील हमेशा प्रैक्टिस में रहते हैं। यहां तक कि वो ऑप्शनल प्रैक्टिस सेशन भी मिस नहीं करते। वो अपनी बैटिंग पर कड़ी मेहनत करते हैं और जब उनकी ऐसी पारी चलती है, तो टीम को जबरदस्त शुरूआत मिलती है।

# राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिपः मध्यप्रदेश, मणिपुर और पंजाब सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी

**झांसी :**15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 अब अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है। झांसी (उप्र) में शनिवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हॉकी मध्यप्रदेश, मणिपुर हॉकी और हॉकी पंजाब ने शानदार प्रदर्शन कर अपने मुकाबले जीते और सेमीफाइनल में जगह बनाई।

दिन के पहले मुकाबले में हॉकी मध्यप्रदेश और हॉकी महाराष्ट्र के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। निर्धारित समय तक दोनों टीमों का स्कोर 1-1 से बराबर रहा। मध्यप्रदेश के लिए प्रताप लकड़ा (6') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए शुरूआत की, जिसके जवाब में महाराष्ट्र के आकिब रहीम (9') ने फील्ड गोल किया। मैच का निर्णय शूटआउट से हुआ, जहां मध्यप्रदेश ने 4-2 से जीत दर्ज की। सुंद्रम सिंह, श्रेयस धूपे, अली अहमद और प्रताप लकड़ा ने शूटआउट में गोल किए, जबकि गोलकीपर संजय बी ने अहम बचाव करते हुए टीम की जीत सुनिश्चित की।



दूसरे क्वार्टर फाइनल में मणिपुर हॉकी और हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु के बीच रोमांचक लेकिन गोलरहित मुकाबला हुआ। दोनों टीमों ने क्रमशः 6 और 4 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन कोई भी गोल नहीं कर सका। शूटआउट में मणिपुर ने 4-1 से जीत दर्ज की। नीलकांता शर्मा, वारीबम नीरजकुमार सिंह, कोथाजीत सिंह और लैशराम दीपु सिंह ने गोल किए, वहीं गोलकीपर अंकित मलिक ने दो शानदार बचाव किए। तमिलनाडु के लिए केवल कार्थी सेल्वम ही स्कोर कर सके।

तीसरे मुकाबले में हॉकी पंजाब ने हॉकी हरियाणा को 3-2 से हराया। पंजाब के अराइजित सिंह हुंदल (15') ने पहला गोल किया, हरियाणा के संजय (32') ने बराबरी दिलाई। परंतु, जुगराज सिंह (33') और पारदीप सिंह (34') ने ताबड़तोड़ दो गोल कर बढ़त बना दी। हरियाणा के कुलदीप (56') ने अंतिम क्षणों में एक गोल किया, लेकिन पंजाब ने बढ़त कायम रखी।

# 'छावा' की पायरेसी मामले में मुंबई पुलिस को मिली बड़ी सफलता

हिंदी फिल्म 'छावा' की पायरेसी के मामले में मुंबई की साउथ साइबर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में पुलिस ने एक शख्स को पुणे से गिरफ्तार किया गया है। मुंबई के साउथ साइबर पुलिस स्टेशन को फिल्म 'छावा' की पायरेसी के खिलाफ चल रही जांच में बड़ी कामयाबी मिली है। इस मामले में एक 26 साल के शख्स को पुणे से गिरफ्तार किया गया है। हाल ही में रिलीज हुई इस फिल्म को कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर गैरकानूनी तरीके से फैलाया गया था, जिससे निर्माताओं को भारी नुकसान हुआ था।



### पायरेसी से हुआ निर्माताओं को नुकसान

विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन जल्द ही यह पायरेसी की चपेट में आ गई। इसके बाद अगस्त्य एंटरटेनमेंट कंपनी के सीईओ रजत राहुल हक्सर ने साइबर पुलिस में इसको लेकर शिकायत दर्ज की। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी से 20 मार्च 2025 के बीच व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, यूट्यूब और गूगल जैसे प्लेटफॉर्म्स पर फिल्म के 1818 अवैध लिंक फैलाए गए। इन लिंक्स ने कॉपीराइट कानून का उल्लंघन करते हुए फिल्म की कमाई को बड़ा नुकसान पहुंचाया।

# ह्यपंचतीर्थह्न और संविधान दिवस से नई पीढ़ी बाबा साहब से ले रही है प्रेरणा: मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय युवाओं के साथ जय भीम पदयात्रा में हुए शामिल-

एजेंसी

**रायपुर :** भारत का संविधान हर नागरिक के लिए पवित्र ग्रंथ है, जो हमें गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार देता है। हमारा विशाल लोकतंत्र संविधान की मजबूत नींव पर खड़ा है और बाबा साहब इस ग्रंथ के शिल्पकार थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब से ह्यजय भीम पदयात्राह्न का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

**मुख्यमंत्री युवाओं के साथ हुए पदयात्रा में शामिल–**

मुख्यमंत्री स्वयं इस पदयात्रा में युवाओं के साथ शामिल हुए और पदयात्रा के अंतिम पड़ाव में अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और संविधान की मूल भावना के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए




प्रिएम्बल वाल पर अपने हस्ताक्षर किए। उल्लेखनीय है कि ह्यजय भीम पदयात्राह्न का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मध्यप्रदेश के मऊ में जन्म लेकर कठिन संघर्षों के बाद बाबा साहब ने उच्च शिक्षा प्राप्त की और भारत जैसे विशाल लोकतंत्र को एक समावेशी और शक्तिशाली संविधान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को 'पंचतीर्थ' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, जिससे नई पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। साथ ही संविधान दिवस की घोषणा कर देशवासियों को संविधान के प्रति समर्पण का संदेश दिया है।

**लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण**

साय ने कहा कि बाबा साहब की दूरदर्शिता की वजह से आज भारत जैसा विशाल देश अपने लोकतांत्रिक मूल्यों को लगातार समृद्ध कर रहा है, वहीं भारत के साथ आजाद हुए अन्य देश लोकतंत्र को साथ लेकर नहीं चल पाए। उन्होंने युवाओं से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और उन्हें मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उनके अगुवाई में ही देश के संविधान का निर्माण किया गया। उनके आदर्शों एवं बताए गए रास्तों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

**युवाओं को किया गया सम्मानित**

इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले युवाओं को मुख्य मंच से सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक खुशवंत साहेब, विधायक अनुज शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप सहित बड़ी संख्या में युवा, स्कूली बच्चे और आमजन उपस्थित थे।

## यूक्रेन-रूस युद्ध समाप्ति को बातचीत सही दिशा की ओरः ट्रम्प

एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध समाप्ति के लिए बातचीत शायद सही दिशा की ओर जा रही है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक एयर फोर्स वन में ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत का सिलसिला शुरू हो चुका है, जो कि ठीक दिशा की ओर जा रहा है। लेकिन ऐसा समय भी आता है जब आपको कुछ कर दिखाना होता है। या फिर चुप हो जाना होता है। डोनाल्ट ट्रम्प का बयान ऐसे समय आया है, जब बीते दिनों अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने सलाह दी थी कि यदि अमेरिका यूक्रेन बंटवारे वाली रूस



की शर्त मान लेता है तो युद्ध विराम संभव है। इस बयान को लेकर खलबली देखी गई थी।लेकिन अब डोनाल्ड ट्रम्प के हाल के बयान के बाद इसे अमेरिका की ओर से एक तरह के यूक्रेन-रूस युद्ध के मुद्दे पर उनका पक्ष माना जा रहा है।रायटर्स के मुताबिक रूस ने 2022 में यूक्रेन के पूर्वी हिस्से के चार क्षेत्रों पर नियंत्रण के लिए विलय की कोशिश की थी।

## अचानक बंद हुई एनटीपीसी की तीन यूनिट, 630 मेगावाट का घटा उत्पादन

एजेंसी

**रायबरेली :** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में तीन यूनिट अचानक तकनीकी खराबी के कारण शनिवार की देर रात में बंद हो गई। जिससे परियोजना का उत्पादन 1550 मेगावाट से घटकर 920 मेगावाट रह गया है। बताया जा रहा है कि तीनों यूनिटें अलग अलग तकनीकी खामी के चलते बंद हुई है। परियोजना में पूरी क्षमता के साथ चल रही सभी यूनिट में शनिवार की रात करीब डेढ़ बजे कुछ यूनिट का बंद होना शुरू हुआ। सबसे पहले 210 मेगावाट



क्षमता की चार नंबर यूनिट रात डेढ़ बजे बंद हुई। इस यूनिट के ब्वायलर ट्यूब में गैस का रिसाव था। जो काफी बढ़ गया था। जिसके कारण यूनिट को बंद करना पड़ा। इस यूनिट के बंद होने के बाद अधिकारी स्थित को संभाल रहे थे कि रविवार प्रातःकाल करीब साढ़े पांच बजे 210 मेगावाट प्रति यूनिट क्षमता की यूनिट संख्या तीन और यूनिट संख्या पांच ट्रिप कर गई। बताया जाता है कि यह यूनिटें स्वतः बंद हुई है। इन यूनिटों के बंद होने के बाद परियोजना में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे तकनीकी जानकर और अधिकारी खामी का पता लगा रहे हैं। इस प्रकार से तीन यूनिटों के बंद होने से परियोजना का 630 मेगावाट उत्पादन घट गया है जबकि ऊंचाहार परियोजना की कुल उत्पादन क्षमता 1550 मेगावाट है। एनटीपीसी के जनसंपर्क अधिकारी ऋषभ शर्मा ने बताया कि तीन नंबर और पांच नंबर दो यूनिटें ट्रांसमिशन लाइन में अर्थिंग के कारण बंद हुई है। इसे दो तीन घंटे में चालू कर दिया जाएगा।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने जय भीम पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने रविवार को लखनऊ स्थित मरीन ड्राइव चौराहा से राज्य स्तरीय ₹जय भीम पदयात्रा₹ का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। यह पदयात्रा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के पूर्व दिवस पर आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंत्री ने युवाओं के साथ कदम मिलाते हुए मरीन ड्राइव चौराहा से अम्बेडकर स्मृति स्थल तक पदयात्रा की। जो सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की शुरूआत उच्च शिक्षा मंत्री ने सामाजिक परिवर्तन प्रतीक स्थल पर डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि के साथ की। इसके बाद युवाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया और डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को उपस्थित जनसमूह के समक्ष रखा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र




उपाध्याय ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर न केवल भारत के संविधान निमार्ता थे, बल्कि वे एक महान समाज सुधारक, चिंतक और न्यायप्रिय नेता भी थे। उन्होंने जीवन भर सामाजिक असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख साधन माना। उन्होंने शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का जो संदेश दिया था, वही आज के युवाओं के लिए सबसे बड़ा पथप्रदर्शक है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रकृति में आरंभ से ही सामाजिक समरसता और समता का भाव रहा है। डॉ. अम्बेडकर ने इस विचार को संविधान में मूलभूत अधिकारों और कर्तव्यों के माध्यम से सशक्त किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समावेशी समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। भारत एक है और हमें समतामयी, ममतामयी समाज की स्थापना करनी है। योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में ह्यजय भीम पदयात्राह्न जैसे आयोजनों के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक जन-जागरण अभियान है, जो युवाओं को सामाजिक समता, बंधुत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरित करती है।

### झांसी मंडल : वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3.45 करोड़ रुपये का गैर किराया राजस्व अर्जित



**झांसी :** झांसी रेल मंडल ने राजस्व सृजन के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित किया है। परंपरागत किराया आय के अतिरिक्त मंडल प्रशासन ने अपारंपरिक स्रोतों के माध्यम से भी राजस्व अर्जन की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा ने बताया कि गैर-किराया राजस्व के अंतर्गत झांसी रेल मंडल द्वारा विभिन्न नवाचारी उपाय अपनाए गए, जिनके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में 3.45 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। यह पिछले वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान अर्जित 2.36 करोड़ रुपये की तुलना में 46.18 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दशार्ता है।उपलब्धि में इन अनुबंधों का रहा प्रमुख योगदान आउट ऑफ होम एडवरटाइजिंग : स्टेशनों के बाहरी परिसरों में बोर्ड, होर्डिंग आदि के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार। ट्रेनों के बाहरी हिस्सों पर खिड़कियों के नीचे विज्ञापन लगाने के अधिकार। डिजिटल एवं नॉन–डिजिटल माध्यमों से सूचनात्मक और प्रचारात्मक सामग्री का प्रसारण। मोबाइल एसेट्स पर विज्ञापन।

## पुलिस का 5 घंटे चला धरपकड़ अभियान, 86 अभियुक्त गिरफ्तार



एजेंसी

**फिरोजाबाद :** जनपद पुलिस ने शनिवार की रात्रि में पांच घंटे अभियान चलाकर 86 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त है जो फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा वारंटियों एनबीडब्लू व एसआर केसो में वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध शनिवार की रात्रि को 12.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 82 एनबीडब्लू वारंटी, 3 एस आर केस में वाँछित व 1 अन्य वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। जिनमे थाना उत्तर ने 6, थाना दक्षिण ने 4, थाना रसूलपुर ने 11, थाना रामगढ़ ने 5, थाना टूंडला ने 5, थाना पचोखरा ने 2, थाना नारखी ने 6, थाना रजावली ने 1, थाना नगला सिंघी ने 2, थाना सिरसागंज ने 9, थाना नगला खंगर ने 1, थाना नसीरपुर ने 5, थाना शिकोहाबाद ने 5, थाना मक्खनपुर ने 3, थाना खैरगढ़ ने 1, थाना जसराना ने 5, थाना एका ने 2, थाना लाइनपार ने 6, थाना मटसेना ने 2 व थाना बसई मोहम्मदपुर ने 4 अभियुक्त को पकड़ा है। इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे में एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 86 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# राजस्थान में भीषण गर्मी की चेतावनी

एजेंसी

**जयपुर :** नए पश्चिमी विक्षोभ ने राजस्थान के मौसम को अचानक बदल दिया है। इसका बड़ा असर शनिवार को देखने को मिला, जब 20 से ज्यादा जिलों में अचानक तेज हवा चलीं। आंधी के साथ बारिश हुई और कुछ जिलों में ओले भी गिरे, जिससे मौसम थोड़ा ठंडा हो गया। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार से इसका असर खत्म होने की उम्मीद है। इसके बाद 14 से 16 तक प्रदेश में हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 14 अप्रैल से लू चलने



लगेगी। इसका कहर 16 अप्रैल तक जारी रहने की संभावना है। इसके चलते प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसमें जैसलमेर क्षेत्र में 15 अप्रैल को अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री दर्ज होने की संभावना है, वहीं पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में 14 अप्रैल से लू का नया दौर शुरू होने की संभावना है। 15-16 अप्रैल को लू की तीव्रता और क्षेत्र में बढ़ोतरी की प्रबल संभावना है। 16 अप्रैल को जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में लू और प्रचंड लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को प्रदेश में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश हुई। सबसे ज्यादा 29.0 मिमी बारिश अलवर के बहादुरपुर में हुई। सबसे ज्यादा 42.5 डिग्री तापमान कोटा में रहा जो सामान्य से 3.7 डिग्री ज्यादा है। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में हवा में नमी की औसत मात्रा 08 से 80 फीसदी के बीच रही। मौसम विभाग की फोरकास्ट रिपोर्ट के अनुसार रविवार यानी 13 अप्रैल से पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। इसके अलावा आज से अगले चार-पांच दिनों में तापमान में चार डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

राजस्थान में भीषण गर्मी की चेतावनी

जयपुर : नए पश्चिमी विक्षोभ ने राजस्थान के मौसम को अचानक बदल दिया है। इसका बड़ा असर शनिवार को देखने को मिला, जब 20 से ज्यादा जिलों में अचानक तेज हवा चलीं। आंधी के साथ बारिश हुई और कुछ जिलों में ओले भी गिरे, जिससे मौसम थोड़ा ठंडा हो गया। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार से इसका असर खत्म होने की उम्मीद है। इसके बाद 14 से 16 तक प्रदेश में हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 14 अप्रैल से लू चलने लगेगी। इसका कहर 16 अप्रैल तक जारी रहने की संभावना है। इसके चलते प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसमें जैसलमेर क्षेत्र में 15 अप्रैल को अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री दर्ज होने की संभावना है, वहीं पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में 14 अप्रैल से लू का नया दौर शुरू होने की संभावना है। 15-16 अप्रैल को लू की तीव्रता और क्षेत्र में बढ़ोतरी की प्रबल संभावना है। 16 अप्रैल को जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में लू और प्रचंड लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को प्रदेश में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश हुई।

## न्यूज IN ब्रीफ

### भ्रष्टाचार रोकने के लिए बंगाल के शिक्षा पोर्टल पर ओटीपी अनिवार्य

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में चर्चित टैब घोटाले से विकास भवन ने सबक लेते हुए शिक्षा पोर्टल पर निगरानी बढ़ा दी है। सुरक्षा के मद्देनजर अप्रैल में एक अधिसूचना जारी कर नये नियमों की घोषणा की गई है। अब से कोई व्यक्ति केवल अपने आईडी और पासवर्ड से लॉग इन नहीं कर सकता। उसके लिए एक ओटीपी की आवश्यकता होगी। जो केवल स्कूल प्रिंसिपल के पास ही आएगा। ऐसा करने के बाद ही स्कूल अधिकारी 'तरुणेर स्वप्न' से लेकर 'कन्याश्री' तक किसी भी सरकारी परियोजना के पोर्टल तक पहुंच पाएंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि लॉग इन करते समय संबंधित मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा। वही ओटीपी प्रधानाध्यापकों के पास भी आएगा। परिणामस्वरूप, अब किसी भी सरकारी परियोजना के धन में गबन या भ्रष्टाचार का आरोप लगने पर प्रधानाध्यापक जिम्मेदारी से बच नहीं सकेंगे। इस अधिसूचना सभी जिलों के निरीक्षकों को भेज दिया गया है।

### विवाद मे पत्नी के धक्के से पति की छत से गिरकर मौत

**सुल्तानपुर :** नगर कोतवाली के अमहट स्थित कांशीराम कॉलोनी में एक पत्नी ने अपने पति को छत से धक्का दे दिया। जमीन पर गिरने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद कॉलोनी में हड़कंप मच गया। परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा कर पत्नी को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली नगर के काशीराम कॉलोनी अंतर्गत ब्लॉक नंबर 67 में दिलशाद (40) का परिवार रहता है। बीती रात दिलशाद ने पत्नी से खाना मांगा इसी दौरान दोनों में झगड़ा हो गया। परिजनों का आरोप है कि पत्नी ने उसे धक्का दे दिया और वो छत से नीचे गिरा और उसकी मौत हो गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल तक गए । मृतक की मां भी कॉलोनी में ही किराए के कमरे में रहती है। उसकी बहन सायमा बानो ने बताया कि भाई ने भाभी से खाना मांगा। हमने देखा कि भाभी ने उन्हें छज्जे पर से धक्का दे दिया। हमारी भाभी भाई को चाहती नहीं थी । वहीं मृतक की मां कुरैशा ने बताया कि हमारी बहू दो तीन साल से मोबाइल पर बात करती थी इसी को लेकर आये दिन लड़ाई झगड़ा होता था। दो तीन बार ये भाग भी चुकी है तब भी हमारा लड़का इसको रख लिया।आज भी इसी मोबाइल के बारे में लड़ाई हो रही थी सब लोग कह रहे हैं कि इसने धक्का दे दिया। इससे पहले भी कई बार हमारी बहू हमारे बेटे को मार चुकी है । पत्नी शन्नो ने बताया कि हमने खाना बनाया वो आए और आकर खाना खाए। शराब पिए थे छत से कूद गए। रोज शराब पीकर बाहर से आते थे आज घर में आकर शराब पिए हैं। हम कमरे में बच्चों को लेकर लेटे थे। हमारी सास गलत आरोप लगा रही हैं। आठ साल हमारी शादी को हो गए वो शराब पी रहे हैं, । आठ साल से हम साथ थे। नगर कोतवाल धीरज कुमार ने रविवार को बताया कि अक्सर लड़ाई होती रहती थी। आज भी लड़ाई हो रही थी कि धक्का मुक्की में पति नीचे गिर गया। जिसे अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### मंडी के पास कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर टूरिस्ट बस पलटी, 31 घायल

**मंडी :** मंडी कीरतपुर -मनाली फोरलेन पर रविवार तड़के 4:00 बजे चार मील के पास एक लग्जरी टूरिस्ट बस के पलटने से 31 पर्यटक घायल हो गए। यह बस पर्यटकों को लेकर कसोल (कुल्लू-मनाली) की ओर जा रही थी। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, बस में चालक और परिचालक सहित कुल 38 लोग सवार थे। हादसे में 31 यात्री घायल हुए हैं। इनमें से दो यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें बेहतर उपचार के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। छह अन्य यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि शेष यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) मंडी सागर चंद्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बस की गति अधिक थी, जिससे ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और बस सड़क से फिसलकर पलट गई। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और ड्राइवर से पूछताछ की जाएगी कि क्या वह नींद में था या अन्य कोई तकनीकी खामी भी इसका कारण हो सकती है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं और बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। स्थानीय लोगों ने भी घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की।

### प्रयागराज में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने से किसान परेशान

**प्रयागराज :** मौसम में अचानक बदलाव होने से तेज हवाओं के साथ प्रयागराज में रविवार सुबह हल्की बारिश हुई। हवा की तेज गति से किसान फसल खराब होने की आशंका से परेशान हो गए हैं। हालांकि मौसम विभाग ने पहले ही तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई थी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर मौसम वैज्ञानिक डॉ एस.एन.सुनील पांडेय ने बताया कि प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में रविवार भोर में तेज गति वाली हवा चली और प्रयागराज शहर सहित जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। आसमान में बादल छाए हुए हैं। हवा भी चल रही है। हवा की गति तेज होने की वजह से किसान परेशान हैं। अभी बहुत से किसानों को गेहूं की मड़ाई करनी है।

### भयावह अग्निकांड में जली दुकानें

**बनगांव :** उत्तर 24 परगना जिला अन्तर्गत बनगांव में रविवार तड़के भयावह आग लगने से नौ दुकानें जलकर राख हो गईं। सूत्रों के अनुसार, रविवार तड़के बनगांव के बाटा मोड़ स्थित एक बैग की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग आसपास की दुकानों तक फैल गई। बगल में एक पटाखे की दुकान थी। जिसकी वजह से आग ने और भी भयावह रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों और घटना में हुए नुकसान का पता नहीं चल पाया था। दमकल कर्मी मामले की जांच में जुटे हैं। इधर, घटना की सूचना पाकर बनगांव नगरपालिका के चेयरमैन गोपाल सेठ स्थिति का निरीक्षण करने घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने निवासियों से बातचीत कर हालात का जायजा लिया।

### न्यूयार्क में प्लेन क्रेश, एक की मौत


**न्यूयार्क :** अमेरिका के न्यूयार्क में एक प्लेन क्रैश होने खबर आ रही है। इस प्लेन में दो लोग सवार थे, इनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा कोलंबिया काउंटी के कोपेक इलाके के पास हुआ। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के प्रवक्ता के मुताबिक विमान कोलंबिया काउंटी एयरपोर्ट की तरफ जा रहा था। लेकिन जैसे ही वह एयरपोर्ट से करीब कुछ ही दूर रहा होगा, तभी हादसा हो गया। विमान कीचड़ भरे खेत में जा गिरा। बताया जाता है कि विमान का हादसा शनिवार की शाम को हुआ, लेकिन जानकारी काफी देर बाद लगी।

# श्री हनुमान जयंती पर आंजन धाम में उमड़ा जनसैलाव

## जय श्री राम, श्री राम - लखन - जानकी - जय बोलो हनुमान की - राम राम सीताराम जैसे नारों से गूंजायमान हुआ आंजन धाम









**गणपत लाल चौरसिया**

**गुमलाः** जिला मुख्यालय सहित पूरे गुमला जिला और भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के भक्त श्री वीर हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम में श्री हनुमान जयंती ( महोत्सव ) का त्योहार बहुत ही धूमधाम एवं सम्मान के साथ मनाया गया। ज्ञातव्य हो कि गुमला जिला मुख्यालय से मात्र 18 किलोमीटर दूर स्थित , श्री राम भक्त वीर हनुमान जी की जन्मस्थली आंजन धाम और उक्त आंजन धाम से लगभग तीन किलोमीटर दूर , हरें - भरें मनोरम दृश्यों के बीच स्थित जंगल पहाड़ों की ऊंचाई पर स्थित है माताश्री अंजनी की गुफा। जहां माता अंजनी ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के अनन्य भक्त श्री वीर हनुमान को जन्म दिया था। जहां माता अंजनी के गोद में श्री वीर हनुमान विराजमान हैं, जहां पहूंचकर सनातनी हिन्दू धर्मलंबियों ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। जयश्री राम, श्री राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की, राम राम सीताराम आदि नारों और घंटा घड़ियाल से पूरा आंजन धाम क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। इस अवसर पर झारखंड, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ , और उड़ीसा बॉर्डर क्षेत्रों से श्री हनुमान जयंती के अवसर पर श्री राम एवं वीर हनुमान के भक्तों का आंजन धाम क्षेत्र में सनातनी हिन्दू धर्मलंबियों का हुजूम उमड़ पड़ा । सभी भक्त अंजनी माता के गुफा तक पहुंचने के लिए बेचैन थे और समय पर पूजा अर्चना करना चाह रहे थे। अच्छे सुन्दर सड़क , तरुण द्वार , भव्य मंदिर का निर्माण किया गया हैं और ऊपर पहाड़ में स्थित माता अंजनी गुफा तक पहुंचने के लिए टाइल्स लगे हुए सीढ़ियों का निर्माण भी किया गया है। जहां के मुख्य द्वार के ऊपर विशाल घंटा लगाया गया है । जिसकी आवाज पूरे अंजन धाम की वादियों में गूंजता रहता है । खुले आसमान और प्राकृतिक कायनात के नीचे हरियालियों के बीच पहाड़ की ऊंचाई पर स्थित आंजन धाम मंदिर ( गुमला ) में , माताश्री अंजनी की गोद में बालरूप में विराजमान श्री वीर हनुमान (बजरंग बली) का अद्भुत रूप मनकों मोहित करती हैं और परम आनंद की अनुभूति प्रदान करती है । वहीं पहाड़ के ऊपर स्थित मंदिर का अद्भुत विहंगम दृश्य देखकर मन प्रफुल्लित हो उठता हैं और समय - समय पर श्रद्धालु भक्तों द्वारा बजायें गये घंटा की आवाज पूरे वादियों में गूंजती रहती है । अपने भारत देश के कश्मीर से काम नहीं है। झारखंड राज्य का स्वर्ग से सुंदर यह अंजन धाम , जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। यहां की मनोरम दृश्य आप स्वयं आकर देखें , मान्यता है कि वानरराज श्री श्री 108 श्री, केसरी नंदन और माताश्री अंजनी के पुत्र आंजन धाम के बालाजी सरकार , श्री राम भक्त वीर हनुमान विराजमान हैं अपने माताश्री अंजनी माता के गोद में , देवों के देव कैलाशपति हर हर महादेव के रुद्र अवतार हैं , श्री वीर बजरंगी - श्री वीर हनुमान जी के जन्म से पूर्व माताश्री अंजनी अपने आराध्या देवों के देव महादेव ( कैलाशपति हर हर महादेव ) की भक्त माताश्री अंजनी ने अपने अंजन धाम में स्थित गुफा में श्री केसरी जी के साथ वास करते हुए, और कठिन तपस्या और अंजन धाम स्थित 365 शिवलिंग पर 365 तालाबों जल और 365 महुआ पेड़ के फूल अर्पित कर , श्री श्री 108 श्री देवों के देव महादेव पर जलाभिषेक करती थी, फलस्वरूप देवों के देव महादेव को प्रसन्न कर भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए , श्री श्री 108 श्री वानर राज , केसरी - नंदन और माताश्री अंजनी के लाल बालाजी सरकार श्री वीर हनुमान - श्री बजरंगबली का साक्षात देवों के देव महादेव के आशीर्वाद से , बाबा भोलेनाथ महादेव के रुद्र अवतार के रूप में और अपने पुत्र के रूप में जन्म देकर श्री वीर हनुमान को प्राप्त किया और मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के भक्त के रूप में , अजर - अमर वरदान प्राप्त श्री वीर हनुमान को समस्त सनातनी हिन्दू धर्मलंम्बियों ने अपने आराध्य के रूप में स्वीकार किया है, और उनके जन्मस्थली और पावन धरती आंजन धाम में पहुंचकर अपने आप को धन्य मानते - समझते और महसूस करते हैं , आंजन धाम के बालाजी सरकार , श्री बजरंगबली के जन्मस्थली के पवन भूमि में श्री राम जन्म उत्सव के रूप में रामनवमी उत्सव त्योहार पर अंजन धाम में विशाल मेले का इतिहास काफी पुराना हैं , लेकिन अब बदलते परिवेश में उक्त मेला का भी स्वरूप में परिवर्तन आया हैं। दूर दराज के भक्तों और पर्यटकों का जुटान वर्ष प्रतिपदा के दिन से ही अंजन धाम में सनातनी हिन्दू धर्मलंम्बियों द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान मंत्रोच्चारण का शंखनाद प्रारंभ हो जाता हैं, प्रत्येक वर्ष श्री रामनवमी उत्सव त्योहार पर भव्य आकर्षक रामनवमी का त्यौहार बहुत ही भव्य,गर्व, अंजन धाम की आन, बान, शान , सम्मान और धूमधाम से , रामनवमी महोत्सव का त्योहार विशेष कर सनातनी हिन्दू धर्मलंम्बी , भक्तो , श्रद्धालुओं द्वारा मनाया जाता हैं और अंजन धाम में लगातार गूंजते रहते हैं ,गगन भेदी नारा - जय श्री राम - श्री राम + लखन + जानकी + जय बोलो हनुमान की आदि नारों से पूरा आंजन धाम गंजे मन होता रहता है । श्री अंजन धाम अपने आप में विभिन्न रहस्यों को समेटे हुए , यहां विभिन्न आकार प्रकार के गुफाएं और कंधराएं हैं, जहां एक विशालकाय अद्भुत आकर्षक सांप का बसेरा भी हैं जिनका दर्शन और आशीर्वाद प्राप्ति करना दुर्लभ है । एक बार अवश्य पधारे अपने आराध्या श्री वीर हनुमान के जन्मस्थली अंजन धाम आप आश्चर्यचकित रह जाएंगे , जब यहां आएंगे और यहां की अद्भुत प्राकृतिक छटाएं विद्यमान हैं मनोरम दृश्य देखकर और प्राकृतिक का अनमोल खजाना जखीरा देखकर खो जायेंगे, मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र भगवान की जन्मस्थली अयोध्या उत्तर प्रदेश और श्री वीर हनुमान श्री बजरंग बली के जन्मस्थली गुमला झारखण्ड का एक बहुत ही गहरा नाता है , जिसे मात्रा और मात्र सनातनी हिन्दू धर्मावलंबी ही समझ सकते हैं और महसूस कर सकते हैं । जय श्री राम , जिला मुख्यालय गुमला से टोटो ग्राम होते हुए, प्रसिद्ध आंजन धाम मंदिर तक पहुंचा जा सकता हैं।

### 60 वर्षीय लक्ष्मण उरांव ने लगाई फांसी , मौत

**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र के चुमनु ग्राम निवासी 60 वर्षीय वृद्ध लक्ष्मण उरांव ने तीनकियारी बगीचा के पास सिंदुवार के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि उसके पैर में काफी दिनों से जख्म हो गया था , जिससे वह काफी परेशान रहा करता था। कयास लगाया जा रहा है कि उसी परेशानी से तंग आकर वह आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार की ही बताई जा रही है। इधर घाघरा पुलिस शव का पंचनामा करते हुवे शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है।

### 36 केक काटकर मनाया गया वीर बजरंगी का जन्मोत्सव, मंदिर में की गई आकर्षक आतिशबाजी



**हजारीबागः** जिले को छोटी अयोध्या के नाम से जाना जाता है। यहां शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। हजारीबाग में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर विशेष तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। हनुमान भक्तों ने आसमानी आतिशबाजी की और बाद में केक काटकर भगवान हनुमान का जन्मोत्सव सेलिब्रेट किया।

हजारीबाग के बॉडम बाजार स्थित प्राचीन महावीर मंदिर स्थान में हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर में खास लाइट और फूल सज्जा लोगों को आकर्षित किया, तो वहीं मंदिर कमेटी की ओर से आकर्षक आतिशबाजी देखकर सभी कोई दंग रह गए। लगभग आधे घंटे तक आतिशबाजी होती रही। इस दौरान पूरा आसमान लाल पीले रंग से ढक गया। बच्चों ने 36 केक काटकर बाल हनुमान के जन्मदिन को मनाया। कार्यक्रम का आयोजन महावीर मंदिर समिति के द्वारा किया गया था। इस दौरान मंदिर प्रांगण में खास मंच बनाया गया था। पूरा मंच को रंग बिरंगे गुब्बारे और बाल हनुमान के तस्वीरों से सजाया गया।

कार्यक्रम में कई बच्चे बाल हनुमान और बाल प्रभु राम, लक्ष्मण के वेशभूषा में थे। दूर दराज के क्षेत्रों से बच्चे वीर बजरंगी के जन्म उत्सव के अवसर पर शामिल होने के लिए पहुंचे थे। वीर बजरंगी के इस जन्मोत्सव के अवसर पर बच्चों के बीच केक, चॉकलेट, मिठाई भी बांटा गया। भक्तों के लिए विशेष भंडारा का आयोजन किया था।

### हापामुनि में आयोजित पांच दिवसीय मंडा महापर्व समाप्त



**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित घाघरा के हापामुनि में आयोजित पांच दिवसीय मंडा महापर्व का शनिवार को समापन हो गया। इसके पूर्व शुक्रवार की रात्रि में मंडा महापर्व में विभिन्न गांव क्षेत्रों से सैकड़ो पुरुष और महिलाओं ने दहकते अंगारों पर चलकर फुलकुन्दी ब्रत कर अपने शिव भक्ति की कठिन तपस्या को पूरा किया। इसके पूर्व शिव उपाशक मंडा महापर्व में शामिल भोक्ता फुलकुन्दी ब्रत धारण कर शुक्रवार को निराहार रह मंडा चबूतरा में स्थापित शिवलिंग के समक्ष प्रणाम एवं बम बम भोले के जयकारे लगाए। गुलईची फूल के माले एवं बेलपत्र गिरने के साथ ही सभी शिवभक्त माला और बेलपत्र धारण कर नंगे पांव अंगारे में चलकर शिव भक्ति की कठिन अग्नि परीक्षा दी। पट्टभोक्ता ने बताया कि शिव की असीम कृपा से दहकते अंगारे सभी शिव भक्तों के लिए फूलों के समान प्रतीत होता है। जिसपर चलकर हम सभी अपनी शिव भक्ति की अग्नि परीक्षा देते है।

## शैक्षणिक वर्ष 2025-26 : कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**संवाददाता**

**दुमकाः** उत्कृष्ट विद्यालय डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका (प्लस टू जिला स्कूल, दुमका) में शैक्षणिक वर्ष 2035 --26 में कक्षा 11 वीं में नए नामांकन के लिए प्रवेश प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका के प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 10 वीं में अध्ययन रत सभी छात्रों का प्रोविजनल नामांकन लेकर कक्षा 11 वीं का वर्ग संचालन दिनांक 16 अप्रैल 2025 से शुरू कर दिया जायेगा। अन्य विद्यालय के इक्छुक छात्र शैक्षणिक वर्ष 2025 --26 में कक्षा 11वीं में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए ई विद्यावाहिनी पोर्टल के माध्यम से दिनांक 26 अप्रैल 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र दिनांक 29 अप्रैल को जारी किया जायेगा।प्रवेश परीक्षा दिनांक 06 मई 2025 को 10:00 से 12:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर दिनांक 13 मई 2025 को मेधा सूची जारी किया जाएगा।रिक्त सीट के अनुसार मेधा सूची के आधार पर कक्षा 11वीं में प्रोविजनल नामांकन लिया जाएगा।श्री राजहंस ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका राज्य का एक ऐतिहासिक एवं उत्कृष्ट विद्यालय है। यहाँ के छात्र जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्तर पर टॉपर बनकर विद्यालय एवं दुमका का नाम का नाम रौशन कर रहे हैं। यहाँ के पास आउट बच्चे सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर जीवन सवार रहे हैं।यहाँ के साइंस के बच्चे इंजीनियरिंग एवं मेडिकल के उच्च संस्थानों में एवं कामर्स के छात्र देश के प्रतिष्ठित कामर्स कालेज श्रीराम कालेज ऑफ कॉमर्स, दिल्ली जैसे उत्कृष्ट संस्थाओं में चयनित होकर तथा आट्र्स के छात्र विभिन्न प्रशासनिक पदों पर चयनित होकर अपना एवं विद्यालय का नाम रौशन कर रहे हैं।बताया कि विद्यालय में उच्च कोटि की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। इच्छुक अभिभावक प्रवेश परीक्षा के माध्यम से तैयार मेधा सूची के आधार पर अपने बच्चों का नामांकन कक्षा 11वीं में करा सकते हैं।




### उपायुक्त के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य विभाग ने चलाया डिकॉय ऑपरेशन

## लिंग जांच करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाईः सिविल सर्जन

### रजौली में होता था भ्रूण जांच, एक गिरफ्तार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमाः** जिले में भ्रूण हत्या/जांच की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग कोडरमा पूरी तरह से कटिबद्ध है। भ्रूण हत्या जांच की रोकथाम के लिए उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार सिविल सर्जन कोडरमा के नेतृत्व में डिकॉय ऑ(परेशन चला कर इस कार्य में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई किया जाजाता रहा है। इसी कड़ी में भ्रुण हत्या/जांच मामले में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के टीम को बड़ी सफलता मिली है। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को लगातार गुप्त सूचना प्राप्त हो रही थी कि कोडरमा जिले से सटे पड़ोसी राज्य बिहार के नवादा जिला के रजौली, सिरदला समेत अन्य स्थानों पर कोडरमा जिला के गर्भवती महिलाओं का भ्रूण जांच किया जाता है। गुप्त सूचना के आधार पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में प्राप्त सूचना की जांच करायी गई। सूचना की पुष्टि होने के उपरांत उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में डिकॉय ऑपरेशन चलाया गया और भ्रुण जांच करते एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा गया। डिकॉय ऑपरेशन के दौरान भ्रुण जांच कार्य में संलिप्त एजेंट से संपर्क साधा गया। एजेंट के द्वारा गर्भवती महिला को सिरदला के अल्ट्रासाउंड (शिवम् अल्ट्रासाउंड ) सेंटर ले गया। जिसमें एक व्यक्ति द्वारा उक्त गर्भवती महिला का लिंग जांच करते हुए रंगे साथ पकड़ा गया। अल्ट्रासाउंड के संचालक एवं एजेंट फरार होने में सफल रहे। साथ ही भ्रूण जांच कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर सिरदला थाना को आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंपा दिया गया। इस कार्य में रजौली/सिरदला जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का काफी सहयोग मिला। वहां के अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के सहयोग से डिकॉय ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। डिकॉय ऑपरेशन के टीम सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी सह सहायक नोडल पीसी-पीएनडीटी डॉ मनोज, जिला डाटा प्रबंधक पवन कुमार समेत अन्य शामिल थे।



### साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन

## डुमरी- जारी प्रखंड के ग्रामीणों ने ऑनलाइन जुड़ कर उपायुक्त से की बात



**गुमला :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आज आयोजित हुए साप्ताहिक ई-जनशिकायत कार्यक्रम में डुमरी एवं जारी प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं को बताया।

कार्यक्रम में डुमरी एवं जारी प्रखंड से लगभग 30 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पेंशन, राशन, ढट किसान और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करने का निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य रूप से आवास निर्माण करने के सम्बन्ध में कई नागरिकों ने श्उ के माध्यम से समस्याओं को रखा। इसके अलावा भी कई समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया।

नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों में सड़क निर्माण, पेंशन योजना, नाली निर्माण, राशन कार्ड में नाम जोड़ने , ढट किसान, जलमीनार मरम्मती, आवास संबंधित सहित अन्य समस्याएं थी।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय रूप से जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।

इस माह 19 अप्रैल को चैनपुर एवं भरनो तथा दिनांक 26 अप्रैल को सिसई एवं बसिया प्रखंड में होगा जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन। जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन प्रत्येक शनिवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से आयोजित की जाती है। जिले के समस्त नागरिक दिए गए तिथि पर अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालय में जाकर ई -जन शिकायत निवारण दिवस के कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी समस्याओं को ऑनलाइन माध्यम से उपायुक्त से साझा कर सकते हैं।

### हत्या और दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**चान्हो :** पुलिस ने 2020 के एक सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले में फरार चल रहे आरोपी जितेंद्र साहू को ओडिशा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जितेंद्र साहू ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के नबरंगपुर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, चान्हो थाना क्षेत्र की एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी, और इस मामले में चान्हो थाना में कांड संख्या 40/20 दर्ज की गई थी।

पुलिस ने इस मामले में पहले ही अन्य आरोपियों को जेल भेज दिया था। चान्हो पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में पुलिस का खौफ देखा जा सकता है। हाल ही में, चान्हो पुलिस ने एक अन्य मामले में 24 घंटे के अंदर डबल मर्डर केस का खुलासा कर चार अपराधियों को गिरफ्तार किया था।